11 व 12 नवंबर को मिल सकती है राहत : गुरु नानक देवजी के 550वें उत्सव की वजह से दिल्ली वालों को 11 व 12 नवंबर को सम-विषम से राहत मिल सकती है। इस मामले में 'आप' विधायक जरनैल सिंह ने परिवहन मंत्री को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में कहा गया है कि उत्सव के दौरान नगर कीर्तन व यात्राएं निकाली जाएंगी। इस स्थिति में सम-विषम लागू होने की वजह से परेशानी हो सकती है। इसलिए जनता को राहत दी जाए। इस मामले में दिल्ली सरकार ने विचार करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को सम-विषम की व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दिल्ली सरकार की मुहिम जारी रही।

दिल्ली सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार देर रात तक इस योजना का उल्लंघन करने वाले 709 लोगों का चालान किया गया। इन चालानों में यातायात पुलिस द्वारा 406, परिवहन विभाग द्वारा 185 और राजस्व विभाग की ओर से 118 चालान किए गए हैं।

100 नई बसें आज होंगी शामिल : सम-विषम व्यवस्था में बसों की कमी से आम जनता को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए गुरुवार को क्लस्टर बस सेवा के बेड़े में 100 बसें शामिल की जाएंगी। इन बसों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरी झंडी दिखाएंगे। इन बसों को दिल्ली देहात व शहरी क्षेत्रों से जोड़ने की योजना है।

प्रदूषण से लड़ने में सरकारें विफल : स्वराज इंडिया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

स्वराज इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए सरकार में इच्छाशक्ति ही नहीं दिखती। उन्होंने दिल्ली में वायु प्रदूषण का 25 फीसद कम होने के दावे को गलत बताया है। पार्टी ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से सवाल किया है कि प्रदूषण से लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से 2017 में जारी निर्देशों का पालन अब तक क्यों नहीं किया गया। दिल्ली सरकार ने इस बाबत हमेशा आकस्मिक और दिखावटी कदमों पर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा-दिल्ली सरकार जल्द से जल्द 5000 बसें बढ़ाए। मेट्रो का किराया घटाए ताकि ज्यादा लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

प्रदूषण घटा, दिल्ली की सांस में सांस आई

नई दिल्ली, 6 नवंबर (भाषा)।

साफ मौसम और हवाओं की गति बढ़ने से दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में कमी आई जिससे बुधवार को दिल्लीवालों ने राहत की सांस ली। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि रात में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी से वायु गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है।

सरकार की वायु गुणवत्ता निगरानी एवं पूर्वानुमान सेवा 'सफर' ने बताया कि मंगलवार को पंजाब में पराली जलाने की 6,668 घटनाएं दर्ज की गईं जो इस मौसम में सबसे अधिक हैं। हालांकि, हवाओं की दिशा की वजह से इसका दिल्ली पर प्रभाव नगण्य होगा।

आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 216 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। हालांकि कई इलाकों में प्रदूषण स्तर 'औसत' श्रेणी में रहा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पीएम-2.5 का स्तर गिरकर 107 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रह गया। पीएम 2.5 हवा में मौजूद सूक्ष्म कण हैं जिनका व्यास 2.5 माइक्रोन होता है और ये सांस के जरिए फेफड़ों और रक्त धमनियों में पहुंचकर स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालते हैं।

वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पीएम10 की सघनता बुधवार दोपहर डेढ़ बजे 226 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही जबकि सुरक्षित स्तर 60 से 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि साफ आसमान और हवाओं की गति की वजह से दिन में प्रदूषण के स्तर में और गिरावट आएगी। उन्होंने कहा, 'हालांकि, रात को बादल छाने, बहुत हल्की बूंदाबांदी होने और हवाओं की गति मंद होने की वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ेगा और वायु गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है।' उन्होंने कहा कि गुरुवार को तेज हवाओं और बारिश की वजह से फिर स्थिति सुधरेगी और 10 नवंबर से दिल्ली वाले अपेक्षाकृत साफ हवा में सांस ले सकेंगे।

सफर ने कहा, 'दिल्ली के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक में उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से सुधार हुआ है और दिन में धूप निकलने से इसमें और सुधार होने की उम्मीद हैं। हवा की दिशा की वजह से मंगलवार को सबसे अधिक पराली जलाने की घटना के बावजूद दिल्ली-एनसीआर के वातावरण में धुंए की मात्रा कम रही।' सफर ने कहा कि दिल्ली की हवा में मौजूद पीएम 2.5 में पराली से होने वाले धुंए की हिस्सेदारी बुधवार को मात्र तीन फीसदी रही और गुरुवार को इसके दो फीसदी रहने का अनुमान है।

सफर ने कहा, 'पश्चिमी विक्षोभ से क्षेत्र में साफ हवा आई है। अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है और सात नवंबर से हवा की दिशा भी दक्षिण-पूर्व होने की उम्मीद है जिससे धुंआ दिल्ली-एनसीआर तक नहीं पहुंचेगा।'

खुले में कूड़ा जलाने पर निगम ने दर्ज की 51 शिकायतें

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने प्रदूषण फैलाने और खुले में कूड़ा जलाने पर नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस में 51 शिकायतें और प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके साथ सभी जोनों में 213 चालान काटे और चार लाख 80 हजार का जुर्माना लगाया।

दक्षिणी निगम ने यह कार्रवाई एनजीटी 2010 की धारा 15 के तहत की है। निगम के दक्षिणी जोन में दस, नजफगढ़ जोन में 17 और मध्य जोन में 24 शिकायतें और प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके अलावा निगम ने सभी जोनों में प्रदूषण के खिलाफ 213 चालान किए और चार लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही 751 साइटों का भी निरीक्षण किया। प्रदूषण को कम करने के लिए सभी जोनों में 83 पानी के टैंकर और 24 मकैनिकल रोड स्वीपर ने 604 किलोमीटर सड़कों पर सफाई और पानी का छिड़काव किया गया। निगम ने ऐसी साइटों को चिह्नित किया है, जहां रात में अवैध रूप से मलबा डाला जाता है और ऐसी साइटों की निगरानी के लिए 40 विशेष रात्रि पैट्रोलिंग टीमों को भी क्षेत्रो में तैनात किया गया।

'डीटीसी बसों की संख्या पर जवाब दे आप सरकार'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

आम आदमी पार्टी ने पांच साल के कार्यकाल में डीटीसी के बेड़े में एक भी बस शामिल नहीं की है। इस मामले में बुधवार को भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को पत्र लिखा है और जवाब मांगा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि डीटीसी की बसें लगातार खत्म हो रही है और 2020 में इन बसों की संख्या और कम हो जाएगी। दिल्ली सरकार को बसों की संख्या के मामले में जनता को जवाब देना चाहिए।

मुफ्त बस यात्रा योजना के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली, 6 नवंबर (भाषा)।

- मुफ्त यात्रा की सुविधा आर्थिक आधार पर मिले, लैंगिक आधार पर नहीं : याचिकाकर्ता
- योजना को बताया गया असंवैधानिक, केंद्र सरकार की मंजूरी बताई जरूरी

दिल्ली के उच्च न्यायालय में एक महिला ने याचिका दायर की है। याचिका में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा डीटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा सुविधा को असंवैधानिक बताया गया है। साथ ही कहा गया कि इस फैसले को लेने से पहले केंद्र सरकार से अनुमति लेना जरूरी था। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर के पीठ ने याचिकाकर्ता अज्मा जैदी द्वारा दायर याचिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किस आधार पर वह इस फैसले को असंवैधानिक बता रही हैं साथ ही इसमें केंद्र सरकार की अनुमति की जरूरत क्यों है।

पीठ ने याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई पर सभी सवालों के जवाबों के साथ आने को कहा है।याचिका पर अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी। याचिकाकर्ता के वकील अनिल कुमार खवारे ने दलील दी कि महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा करदाताओं के पैसे से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके कारण सरकारी खजाने पर असर पड़ रहा है। वकील ने फैसले को अवैध, मनमाना, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक बताया।

याचिका में दावा किया गया कि यह फैसला एक नया वर्ग पैदा कर रहा है क्योंकि महिलाएं टिकट खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। जैदी एक वकील हैं और उन्होंने दलील दी कि मुफ्त यात्रा की सुविधा आर्थिक आधार पर दी जानी चाहिए, लैंगिक आधार पर नहीं।

'बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करे आवाम'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

प्रमुख मुस्लिम संगठन जमात-ए-इस्लामी हिंद ने अयोध्या मामले में समाज से अपील की है कि वे शांति और सौहार्ध्य बनाए रखें और अदालत का फैसला जो भी हो उसका सम्मान करें। इस बाबत बुलाई प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमात इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम इंजीनियर ने बताया कि सुनवाई पूरी हो चुकी है और सुप्रीम कोर्ट का फैसला किसी भी दिन आ सकता है। लिहाजा जमात-ए-इस्लामी हिंद के केंद्रीय सलाहकार परिषद की केंद्रीय सलाहकार समिति ने बैठक कर देश के तमाम नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें और उत्तेजना, हिंसा और आगजनी जैसे भड़काऊ अपीलों से सावधान रहें। उन्होंने जमात को आगाह किया है कि बाबरी मस्जिद मामले में संभावित किसी षड़यंत्र से प्रभावित होने से बचें। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जमात चाहती है कि अयोध्या विवाद पर फैसला आने के बाद सरकार इस बात को पुख्ता करे कि देश में शांति और व्यवस्था बहाल रहे। इंजीनियर सलीम ने बताया कि हाल ही में जमात-ए-इस्लामी हिंद के केंद्रीय सलाहकार परिषद ने देश की स्थिति पर कुछ प्रस्ताव पारित किए हैं। सलाहकार परिषद ने बाबरी मस्जिद-अयोध्या विवाद के अलावा नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन (एनआरसी) पर भी अपनी चिंता जताया है।

इंजीनियर मोहम्मद सलीम ने कहा अब यह हकूमत की जिम्मेदारी है कि फैसला आने के बाद शांति एवं कानून और व्यवस्था को बनाए रखे और विधि के शासन को विश्वसनीय बनाए और इसी तरह देश के नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे देश में शांति व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बनाए रखने में सहयोग करे। उन्होंने असम में एनआरसी की अंतिम सूची जारी होने के बाद 19 लाख से अधिक लोगों के नाम सूची से खारिज कर दिए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर भी चिंता प्रकट की कि असम के बाद अब गृह मंत्री ने एनआरसी को देशव्यापी लागू करने का एलान किया है।

नोटबंदी की बरसी पर कांग्रेस करेगी 'हल्ला बोल'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि प्रदेश कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ शुक्रवार को नोटबंदी को लेकर सुभाष चोपड़ा के नेतृत्व में मोर्चाबंदी करेगी। उन्होंने कहा कि सभी जिलों व मुख्य बाजारों में कांग्रेस कार्यकर्ता रैलियां आयोजित करेंगे। इन रैलियों को चोपड़ा के अलावा कांग्रेस के सभी नेता संबोधित करेंगे।

शाम तीन बजे चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के 12 टूटी चौक, सदर बाजार में आयोजित हल्ला बोल रैली को जय प्रकाश अग्रवाल भी संबोधित करेंगे। सुभाष चोपड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। आज भारत में आर्थिक मंदी का दौर है, बल्कि देश का हर चौथा आदमी कर्ज में डूबा हुआ है। दिल्ली में बढ़ती बेरोजगारी के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ केजरीवाल सरकार भी जिम्मेदार है।

सौर ऊर्जा पंप लगवाने पर मिलेगा 75 फीसद अनुदान

फरीदाबाद, 6 नवम्बर (जनसत्ता)।

- सौर पंप से किसानों की धन राशि की बचत होगी
- सौर पंप के लिए आवेदन देने वालों को दी जाएगी प्राथमिकता

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाले किसानों को 75 फीसदी अनुदान देकर तीन से दस हॉर्सपावर क्षमता के नलकूप पंप उपलब्ध कराएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि डीजल पंप से सिंचाई करना किसानों को महंगा पड़ता है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है।

सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप से किसानों की धन राशि भी बचेगी और पर्यावरण भी दूषित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में ट्यूबवेल के बिजली का कनेक्शन लेने के लिए आवेदन दिया है और यदि वे किसान सौर ऊर्जा पंप लगवाना चाहते हैं तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन के लिए किसान को जमीन की फर्द, आवेदन कर्ता की फोटो, आधार कार्ड व अन्य एक पहचान पत्र स्वयं सत्यापित करके देना होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि किसानों के अलावा गौशाला और वाटर यूजर एसोसिएशन सामुहिक सिंचाई सिस्टम को भी 75 फीसद अनुदान पर सौर ऊर्जा पंप दिए जाएंगे। इसके लिए किसान सरल पोर्टल पर आगामी 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाज्ञान के तहत किसानों को सौर ऊर्जा पंप पर 75 फीसद अनुदान राशि मुहैया करवाई जाएगी। अनुदान पाने के लिए आवेदन पत्र अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में आगामी 30 नवम्बर तक जमा करवाए जा सकते हैं।

खबरों में शहर

हत्यारे पति ने थाने जाकर कबूला जुर्म

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी का गला घोंटकर हत्या कर थाने पहुंचकर वारदात की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की पहचान दीपिका मोंगिया (31) के रूप में हुई है। उसके आरोपी पति सुमित मोंगिया (38) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में पुलिस को यह पता चला है कि दंपति के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था।

मेट्रो के आगे कूदकर की आत्महत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

दिल्ली विधान सभा मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर बुधवार को एक व्यक्ति ने कथित रूप से चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने कहा कि घटना के चलते विश्वविद्यालय और समयपुर बादली स्टेशन के बीच कुछ समय के लिए सेवा बाधित हुई। मृतक की पहचान चरणजीत सिंह बुराड़ी (40) निवासी के तौर पर हुई है।

पत्रकारिता की दशा और दिशा पर कार्यक्रम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

पत्रकारों के काम की दशा और दिशा पर बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जंतर-मंतर स्थित दिल्ली पत्रकार संघ के प्रांगण में कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। शिक्षा, विधि और सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने एक स्वर से इस बात पर हामी भरी कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता का महत्व समाज के हर क्षेत्र में है।

कोर्ट से पुनर्विचार याचिका खारिज, केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप की मांग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

मंगलवार रात मिले आश्वासन के बाद बुधवार को ही हाई कोर्ट से पुनर्विचार याचिका खारिज होने के बाद जहां दिल्ली पुलिस कर्मचारी दोबारा आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय से हस्तक्षेप की संभावना और ज्यादा बढ़ गई है। बुधवार रात केंद्र सरकार से ही मिले आश्वासन और पुलिस के आला अधिकारियों के बीच उच्चस्तरीय बैठक के बाद आयुक्त अमूल्य पटनायक ने एक संदेश देकर आंदोलनकारी पुलिसकर्मियों से वापस काम पर जाने का अनुरोध ही नहीं किया था बल्कि यह भी कहा था कि हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने के साथ साकेत कोर्ट में मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। हालात ऐसे बन रहे हैं कि जल्द ही पुलिस आयुक्त को गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने जाना पड़ सकता है।

मंगलवार को आंदोलनकारियों को मिले आश्वासन के बाद बुधवार को जिस तरह हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका खारिज हुई है उससे दिल्ली पुलिस के आंदोलनकारियों में मायूसी छा गई है। अगर ताजा हालात पर पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक गृह मंत्रालय पहुंचकर औपचारिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर पुलिस कर्मियों के हित में फैसला नहीं ले आते तो फिर दोबारा आंदोलन होने की शंका है। आयुक्त की रिपोर्ट में सिलसिलेवार तरीके से पुलिस मुख्यालय के बाहर हो रहे प्रदर्शन और उसे शांत करने के लिए पुलिसिया कार्रवाई का पूरा ब्योरा शामिल होगा। रिपोर्ट में इस बात का जिक्र होगी कि कैसे सुबह से शाम तक आयुक्त के साथ पुलिस के अन्य आला अधिकारी अपने मातहतों को समझाने की कोशिश करते रहे लेकिन उनके मन में कोर्ट के फैसले के बाद जो असुरक्षा के भाव पैदा हुए हैं उसके समाधान के लिए सिवाए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं बच रहा था। सोशल मीडिया के समय में अपनी मांगों से संबंधित आंदोलन की जानकारी और उसमें शामिल होने के लिए पुलिसकमिर्यों ने सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे से संपर्क किया। पुलिस अधिकारी यह मान रहे हैं कि उन्हें जो आश्वासन एक दिन पहले दिया गया वह एक दिन बाद ही पूरी तरह से दरकिनार कर दिया जाएगा ऐसी संभावना नहीं के बराबर होती है। ऐसे हालत में केंद्रीय हस्तक्षेप से इंकार नहीं किया जा सकता।

उधर दिल्ली पुलिस की खुफिया जानकारी के मुताबिक अगर पुलिसकर्मियों का इसी तरह दोबारा आंदोलन शुरू हो गया तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इससे कानून व्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। पुलिस मुख्यालय, उपायुक्त दफ्तर और अन्य यूनिटों के दफ्तरों से अलग दिल्ली के सभी थानों और चौकियों में तैनात पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी छोड़कर पुलिस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आईटीओ पर आए थे। इसलिए इस मामले की पल-पल की जानकारी देने के लिए आयुक्त को तुंरत गृह मंत्रालय में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट उपराज्यपाल को सौंपी गई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

पुलिस मुख्यालय के बाहर हुए पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन की पूरी रिपोर्ट पुलिस प्रमुख अमूल्य पटनायक ने बुधवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल को दी। तीसहजारी और साकेत कोर्ट के बाहर पुलिसकर्मियों और वकीलों के बीच हुई झड़प के बाद मंगलवार को जिस प्रकार बिना कोई पूर्व योजना और सूचना के हजारों की संख्या में मुख्यालय के बाहर पुलिस वाले प्रदर्शन के लिए पहुंच गए उससे राजधानी की कानून व्यवस्था को लेकर भी चिंता सामने आने लगी है। मुख्यालय के सूत्रों के मुताबिक भले ही कानून व्यवस्था के विषय पर होने वाली नियमित बैठक के बाबत पुलिस आयुक्त उपराज्यपाल निवास गए और व्यापक विरोध प्रदर्शन के बारे में भी पूरी जानकारी दी गई।

दिल्ली की टीम में कहीं 12वें खिलाड़ी बनकर न रह जाएं कीर्ति आजाद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

क्रिकेट की दुनिया से सियासत के मैदान में पहुंचे कीर्ति आजाद को दिल्ली कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस हाईकमान ने भले ही उन्हें दिल्ली की टीम में नंबर दो की हैसियत दी हो लेकिन पार्टी की गतिविधियों से उनकी गैरहाजिरी ऐसे संकेत दे रही है कि कहीं वे दिल्ली कांग्रेस की राजनीतिक टीम के 12वें खिलाड़ी न साबित हों जो टीम में रहता तो है लेकिन उसे खेलने का मौका नहीं मिलता।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष चोपड़ा को सौंपी है जबकि कीर्ति आजाद को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस हाईकमान पहले आजाद को ही प्रदेश अध्यक्ष बनाने की तैयारी में था लेकिन प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं के भारी विरोध के मद्देनजर चोपड़ा को प्रदेश अध्यक्ष व आजाद को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाने का फैसला हुआ। शुरुआत में दोनों नेताओं की जुगलबंदी से ऐसा संदेश गया कि जिस प्रकार हरियाणा में प्रदेश अध्यक्ष शैलजा व चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की जोड़ी ने बेहतर तालमेल के साथ हरियाणा में कांग्रेस की जोरदार वापसी कराई, उसी प्रकार दिल्ली में भी यह जोड़ी बेहतर करेगी लेकिन तमाम अहम मौकों पर आजाद की गैरमौजूदगी को लेकर पार्टी में अंदरखाने तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चोपड़ा की अगुआई में सोमवार को हुई जिलाध्यक्षों की बैठक में आजाद नहीं दिखे। फिर मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में भी वे चोपड़ा के साथ नहीं दिखे। बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की बैठक में भी आजाद नहीं आए। इससे पहले बाद शत्रुघ्न सिन्हा की प्रेस वार्ता में भी वे नहीं पहुंचे थे।

सूत्रों की मानें तो पूर्वांचल से ताल्लुक रखने वाले आजाद को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का विरोध दिल्ली के नेताओं ने इसी आधार पर किया कि एक तो वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए हैं और दूसरी ओर दिल्ली की कांग्रेसी सियासत में बिल्कुल नए हैं। लेकिन उनको चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष इसीलिए बनाया गया क्योंकि पार्टी की नजर दिल्ली के 50 लाख से ज्यादा पुरबिया मतदाताओं पर है। जिस प्रकार भाजपा ने मनोज तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया और आम आदमी पार्टी ने गोपाल राय व संजय सिंह सरीखे नेताओं को आगे किया, उसी तर्ज पर कांग्रेस हाईकमान ने भी एक नामचीन पुरबिया चेहरे को दिल्ली के सियासी मैदान में उतारा। लेकिन शुरुआती हलचल के बाद आजाद जिस प्रकार नेपथ्य में चले गए हैं, जिस प्रकार प्रदेश कांग्रेस की बैठकों से वे गैरहाजिर हैं, उसको लेकर पार्टी में अंदरखाने यह चर्चा हो रही कि कहीं ऐसा न हो कि उनकी हालत क्रिकेट टीम के उस 12वें खिलाड़ी वाली होकर न रह जाए जो टीम में रहता जरूर है लेकिन खेलने का मौका नहीं मिलता।

आज के कार्यक्रम

साभा-संगोष्ठी

डीजेए और चास : चीन की हांगकांग नीति पर चर्चा, कांस्टीट्यूशन क्लब, रफीमार्ग, शाम तीन बजे।

विविध

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : सरोद वादन, सीडी देशमुख सभागार, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम छह बजे।

अब स्टेशन मास्टर के कक्ष की भी होगी वीडियो रिकार्डिंग

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

देशभर में रेल गाड़ियों के बेहतर संचालन के लिए अब स्टेशन मास्टर के कक्ष की भी वीडियो रिकार्डिंग होगी। मंत्रालय ने रेल हादसों से सबक लेते हुए यह फैसला किया है। इस रिकार्डिंग की जद में स्टेशन मास्टर कक्ष, पैनल रूट और रिले रूम को रखा जाएगा। रेल मंत्रालय के अधिकारी डिम्पी गर्ग ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं। दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से संचालन में होने वाली गड़बड़ियों को भी पकड़ा जा सकेगा।

मंत्रालय के मुताबिक यह व्यवस्था सबसे पहले अधिक यातायात वाले क्षेत्रों से लागू होगी, इसकी मदद से व्यस्त समय में नेटवर्क में होने वाली परेशानियों को दूर किया जा सकेगा। इसके बाद देश के सभी स्टेशनों को इससे जोड़ दिया जाएगा। मंत्रालय ने रेल सुरक्षा के लिए यह व्यवस्था लागू की है। मंत्रालय ने संबंधित अधिकारियों को स्टेशन पर की जाने वाली रिकार्डिंग का रिकार्ड भी संभाल कर रखने के आदेश दिए गए हैं ताकि किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में इस उपयोग किया जा सके। योजना को सभी जोन को ये आदेश भेजे गए हैं।

नई व्यवस्था को लागू करने के लिए रेलवे सुरक्षा आयुक्त की विशेष टीम की तरफ से सिफारिश की गई थी। इसकी वजह रेलवे में अब तक हुए कई हादसों को माना जा रहा है। वर्तमान में रेलवे मंत्रालय के साथ बड़ी संख्या में निजी स्टॉफ भी जुड़ा हुआ है। हाल ही में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसमें रेल सामान की चोरी व अन्य सामान गायब होने की घटना हुई है। वीडियो रिकार्डिंग से स्टेशनों पर निगरानी और बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त हादसे की स्थिति में होने वाले दोषारोपण को भी खत्म किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानना है कि इस स्थिति में सभी सबूत मंत्रालय के अधिकारियों के पास उपलब्ध रहेंगे और जिनमें छेड़खानी होने की संभावनाएं भी नहीं होगी। रेल मंत्रालय के मुताबिक देशभर में करीब 7500 स्टेशन हैं। वर्तमान में केवल प्रमुख स्टेशन पर ही सीसीटीवी की निगरानी है।

शताब्दी में आधा लीटर पानी ही मिलेगा मुफ्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

शताब्दी ट्रेन में अब यात्रियों को 500 मिलीलीटर पानी ही मुफ्त मिलेगा। इससे अधिक पानी मुसाफिर को खरीदना पड़ेगा। सभी शताब्दी ट्रेन में इस व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा और ये आदेश अगले तीन महीनों में प्रभावी होंगे।

रेलवे बोर्ड के आदेश के मुताबिक शताब्दी ट्रेन में पांच घंटे से अधिक सफर करने वालों को एक लीटर रेल नीर की बोतल मुहैया नहीं कराई जाएगी जबकि अब तक यह व्यवस्था लागू थी। मंत्रालय के मुताबिक शताब्दी ट्रेन को अधिकतम सफर तय करने में महज साढ़े आठ घंटे लगते हैं। अधिकारियों के मुताबिक सफर के दौरान यह सामने आया है कि यात्री उपलब्ध कराए जाने वाले एक लीटर पानी का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। इससे पानी की बर्बादी होती है। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए यह रेल मंत्रालय की बड़ी पहल है।

रेलवे बोर्ड के फैसले के अनुसार 500 लीटर से अधिक पानी यात्रियों को खरीदना होगा

अधिकारियों ने दलील दी कि यात्री एक लीटर पानी में से आधा लीटर ही पीते हैं

रोजाना करीब 30 शताब्दी ट्रेनें चलती हैं और हर ट्रेन में 600 से 700 यात्री होते हैं।

मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक रोजाना 30 के करीब शताब्दी ट्रेन का संचालन किया जाता है और हर ट्रेन में 600 से 700 यात्री होते हैं। इन यात्रियों को अब तक एक लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। ट्रेन में पानी उपलब्ध कराने के लिए रेलवे के पास हापुड़ में बड़ा नीर प्लांट है। इस प्लांट से यह आपूर्ति की जाती है। यहां पर केवल एक लीटर पानी की बोतल बनाने का प्लांट है जबकि 500 मिलीलीटर पानी का बोतल बनाने प्लांट दिल्ली के नांगलोई में है। इस प्लांट से प्रतिदिन केवल एक लाख बोतल बनाई जा सकती हैं। इस स्थिति में रेल मंत्रालय के सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह आम जनता को उसकी आवश्यतानुसार 500 मिलीलीटर पानी की बोतल उपलब्ध करा सके। शताब्दी ट्रेन कुर्सीयान है, जो छोटी दूरी के लिए चलाई जाती है। इस श्रेणी की ट्रेनों में दिल्ली से भोपाल जाने वाली शताब्दी का सफर सबसे लंबा है। यह सफर साढ़े आठ घंटे में पूरा होता है।

APPLICATION FOR ALLOTMENT OF REGIMENTAL SHOPS: CAMERO

1. Air Offer Commanding, Air Force Central Accounts Office, Subroto Park, New Delhi- 10 invites applications from War Widows of Defence Personnel killed while on duty, Disabled Soldiers, Spouses/Widows of Ex-Servicemen and other general public for allotment of various shops in Subroto Park Complex at New Delhi.
2. The applicable terms and conditions are mentioned in application form.
3. The application form is available in Service Institute, AFCAO, Subroto Park-10 between 0800 hrs to 1400 hrs on every day except Saturday, Sunday and Holidays (Tele No. 011-25690477). The last date for deposit/receipt of completed application at the above office is 19 Nov 19 by 1400 hrs along with bank draft of ₹ 500/- (Rupees Five Hundred Only) in favour of "OIC SI Fund" payable at New Delhi.

राजस्थान : निकाय चुनाव में पौने दो लाख से ज्यादा नए मतदाता

जयपुर, 6 नवंबर (भाषा)।

राजस्थान में 49 निकायों के लिए 16 नवंबर को होने वाले चुनाव में पौने दो लाख से ज्यादा 18 से 20 वर्ष की उम्र के नए मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव श्याम सिंह राजपुरोहित ने बताया कि ज्यादातर युवाओं के नाम विधानसभा और लोकसभा की मतदाता सूचियों में पंजीकृत हो चुके थे। बचे हुए मतदाताओं ने अपना नाम निकाय चुनाव की मतदाता सूची में दर्ज कराया है।

उन्होंने बताया कि सर्वाधिक युवा मतदाताओं के नाम बीकानेर निकाय में जोड़े गए हैं। यहां 24 हजार 611 नए मतदाताओं ने अपने नाम जुड़वाए हैं। प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 75 हजार 151 युवा मतदाता 16 नवंबर को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

अधिकारी ने बताया कि इसी तरह 21 से 40 साल की उम्र तक के मतदाताओं की संख्या 15 लाख 92 हजार 500 है। 41 से 60 वर्ष की उम्र तक के मतदाता प्रदेश भर में 10 लाख 71 हजार 321 और 60 वर्ष से अधिक उम्र के 4 लाख 67 हजार 940 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव में कुल 33 लाख 6 हजार 912 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिनमें से 17 लाख 5 हजार 1 पुरुष, 16 लाख 1 हजार 864 महिलाएं और 47 अन्य मतदाता शामिल हैं।

PXIL
Transforming Power Market
Power Exchange India Limited
Sumer Plaza, Unit No. 901, 9th floor, Marol Maroshi Road, Andheri (East), Mumbai-400059, India. Tel: + 91 22 40096667/87
Fax: + 91 22 40096633/90. Email: info@pxil.co.in. CIN:U74900MH2008PLC179152
Trading Month October - 2019

Markets Traded	DAS Prices (Rs/KWh)	DAS Volume (MUs)	INTRADAY Prices (Rs/KWh)	INTRADAY Volume (MUs)	ANYDAY Prices (Rs/KWh)	ANYDAY Volume (MUs)	WEEKLY Prices (Rs/KWh)	WEEKLY Volume (MUs)
Min	2.26	0.06	2.62	0.10	2.65	3.49	3.15	2.20
Max	2.95	4.80	5.90	7.40	3.70	10.80	4.45	8.40
Avg	2.62	0.45	3.88	2.19	3.50	7.37	3.36	6.52
Total		9.81		46.02		199.09		202.11

केनरा बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **Canara Bank** (A Government of India Undertaking)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, (2002 का संख्यांक 54) की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये एक मांग पत्र निम्न प्रत्येक खाते के आगे वर्णित दिनांको को (विवरण निम्न वर्णित है) सम्बन्धित ऋणियों तथा सम्पत्ति के मालिकों से भुगतान की मांग करते हुये संबन्धित सूचना के अन्तर्गत राशि इस सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों मे भुगतान करने के लिये निमंत्रित किया। सम्बन्धित ऋणियों द्वारा राशि के भुगतान में असफल होने पर ऋणियो को तथा जन सामान्य को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(4) तथा सपठित नियमों के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। सम्बन्धित ऋणियों / मालिको को विशेषता तथा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों में कोई व्यवहार न करें तथा उक्त सम्पत्तियों में किया गया कोई भी व्यवहार केनरा बैंक से संबन्धित राशि एवं ब्याज व अन्य खर्चो के अधीन होगा।

क्र0 सं0	शाखा का नाम	ऋणकर्ता का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस के तिथि और उसके अनुसार बकाया राशि	सांकेतिक कब्जे की तिथि एवं स्थान
1.	ग्रीन पार्क बरेली	मैसर्स एन. के. एंटरप्राइजेज (प्रोपराइटर- श्री नसिर खान)	संपत्ति के सभी भाग और पार्सल आवासीय फ्लाट स्थित खसरा नंबर 251 एम, 254 एम और 262 एम मौहल्ला जगतपुर लाला बेगम, बरेली श्री नासिर खान पुत्र श्री अहमद वली खान के नाम। क्षेत्रफल 96.76 वर्गमीटर। सीमायें -उत्तर: अन्य का मकान दक्षिण: विक्रेता की भूमि पूर्व: सड़ता पश्चिम: अन्य का प्लॉट	05.04.2019 रू0 1597778.00 + ब्याज व अन्य खर्चे 01.04.2019 से	02.11.2019 बरेली
2.	ग्रीन पार्क बरेली	मैसर्स ओम ट्रेडर्स (पार्टनर्स- श्री राजन गौड़ और श्री आलोक कुमार सिंह)	संपत्ति के सभी भाग और पार्सल मकान संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 396 (खसरा नंबर 651, 652 और 668 से 676 का भाग) श्री हरुनगला, पवन विहार बरेली। ओमवीर शर्मा पुत्र श्री कल्लू राम शर्मा के नाम पर, क्षेत्रफल 206.98 वर्गमीटर। सीमायें:-उत्तर: प्लॉट नं 395(एस. पी. शर्मा) दक्षिण: रास्ता, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: प्लॉट नंबर 392 (श्रीमती राजेश शर्मा)	20.07.2019 रू0 1026655.00 + ब्याज व अन्य खर्चे 01.07.2019 से	02.11.2019 बरेली
3.	ग्रीन पार्क बरेली	मैसर्स एस. के. एंटरप्राइजेज (प्रोपराइटर- श्रीमती निखात खान)	संपत्ति के सभी भाग और पार्सल आवासीय मकान स्थित प्लॉट नंबर 19 खसरा नंबर 253 मौहल्ला जगतपुर लाला बेगम, बरेली श्रीमती निखात खान पत्नी श्री सामी खान के नाम पर क्षेत्रफल 83.61 वर्गमीटर। सीमायें:-उत्तर: अन्य का मकान दक्षिण: खुली भूमि पूर्व: प्लॉट नंबर 20 पश्चिम: रास्ता	02.04.2019 रू0 3302067.00 + ब्याज व अन्य खर्चे 01.04.2019 से	02.11.2019 बरेली

दिनांक:- 06.11.2019 स्थान:- बरेली प्राधिकृत अधिकारी

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

अंचल कार्यालय, रिकवरी विभाग, 1ला तल, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोनः 011-49498269, 49498261

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारकों तथा गारन्टरों को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका यूको बैंक, प्रतिभूत क्रेडीटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक कब्जा किया गया है, की बकाया राशि की वसूली के लिये 10.12.2019 को ''जैसा है जहाँ है, जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहाँ है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि नीचे वर्णित है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 9.12.2019 के 5.00 बजे सायं तक है। ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 10 दिसम्बर, 2019 को 11 बजे पूर्वा. से 2 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्रम सं.	शाखा का नाम, आईएफएससी कोड नं., खाता सं. टेलीफोन नं. एवं ई-मेल पता	ऋणधारक एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि (रु. लाख में)	सम्पत्ति के स्वामी का नाम	भौतिक/ सांकेतिक कब्जा	पहचान की गई सम्पत्तियाँ	आरक्षित मूल्य / (ईएमडी) (रु. लाखों में)	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं सम्पर्क व्यक्ति	सरकार का बकाया, यदि कोई हो
1.	परिसम्पत्ति वसूली शाखा, आईएफएससीः UCBA0002128 खाताः 21281032220001 newamb@ucobank.co.in	श्रीमती मीनू एवं श्री अनिल कुमार	रु. 32.00 लाख तथा उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य चार्जेज आदि	श्रीमती मीनू पत्नी श्री अनिल कुमार	भौतिक कब्जा	डीडीए फ्लैट ए-520, भूतल, पॉकेट-1, पश्चिम पुरी, मादीपुर, नई दिल्ली (कवर्ड एरिया 450 वर्ग फीट लगभग)	रु. 15.40 लाख / रु. 1.54 लाख	2.12.2019 नेमीचन्द बलोटिया मो.: 8447776715	ज्ञात नहीं
2.	अयोध्या चौक, नई दिल्ली आईएफएससीः UCBA0002007 खाताः 20071030080018 ई-मेलः newayo@ucobank.co.in	श्री इन्दरजीत पुत्र ज्ञान चंद	रु. 14.73 लाख तथा उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य चार्जेज आदि	श्री इन्दरजीत पुत्र ज्ञान चंद	भौतिक कब्जा	ए-520, 2रा तल, पॉकेट-1, पश्चिम पुरी, नई दिल्ली-110063 में आवासीय फ्लैट, माप 378 वर्ग फीट	रु. 15 लाख / रु. 1.50 लाख	2.12.2019 मुकेश कुमार सिंह मो.: 9330210702	ज्ञात नहीं
3.	पंजाबी बाग, नई दिल्ली, आईएफएससीः UCBA0000234, खाताः 02341030080018, ई-मेलः punjab@ucobank.co.in	मै. निशी ट्रेडेक्स प्रा. लि.	रु. 263.71 लाख तथा उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य चार्जेज आदि	मै. विन्ध्य बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड	भौतिक कब्जा	शॉप नं. एसएफ-03, 2रा तल, क्राउन इन्टेरिअर्ज, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद, माप सुपर एरिया 2835 वर्ग फीट, कवर्ड एरिया 1758 वर्ग फीट	रु. 140 लाख / रु. 14.00 लाख	2.12.2019 मनमीत सुधीर भाई व्यास मो.: 9998414045	ज्ञात नहीं
4.	पंजाबी बाग, नई दिल्ली, आईएफएससीः UCBA0000234, खाताः 02341030080018, ई-मेलः punjab@ucobank.co.in	मै. शिवांगी एक्जिम प्रा. लि.	रु. 102.17 लाख तथा उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य चार्जेज आदि	श्री राज कुमार झा तथा श्रीमती अर्चना झा	भौतिक कब्जा	एच-1-39, ब्लॉक-एच, पार्कलैण्ड, सेक्टर-84, फरीदाबाद में खाली प्लॉट, एरिया माप 292.64 वर्ग मी.	रु. 70.00 लाख / रु. 7.00 लाख	2.12.2019 मनमीत सुधीर भाई व्यास मो.: 9998414045	ज्ञात नहीं
5.	राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली, आईएफएससीः UCBA0001022, खाताः 10221030080018, ई-मेलः rajend@ucobank.co.in	श्रीमती शीला भाष्कर	रु. 198 लाख तथा उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य चार्जेज आदि	श्री भाष्कर पीएम एवं श्रीमती शीला भाष्कर	भौतिक कब्जा	फ्लैट नं. ई-17, ऊपरी भू तल, फ्रान्ट साइड, सेवक पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली, माप एरिया 450 वर्ग फीट	रु. 12.60 लाख / रु. 1.26 लाख	2.12.2019 मिलन दूबे मो.: 9889170064	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें:

1. यह नीलामी बिक्री प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ उपरोक्त सम्पत्ति के समक्ष वर्णित समय (आईएसटी) के अनुसार **10.12.2019** को 11.00 बजे पूर्वा. **से 2.00 बजे अप.** के बीच वेबसाईट https://ucobank.auctiontiger.net या (Auction tiger Mobile App-Android) के माध्यम से 'ऑन लाइन ई-नीलामी' बोली होगी।
2. इच्छुक बोलीदाता को पोर्टल पर स्वयं का पंजीकरण कराना होगा तथा अग्रिम में मै. ई-प्राक्योर्मेन्ट टेक्नोलॉजीज लि. (Auction tiger), पताः बी-704, वाल स्ट्रीट-II, ऑरिएण्ट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के निकट, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006, गुजरात (भारत) से लागिन आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा जो अनिवार्य है। बोलीदाता के सपोर्ट के लिये सम्पर्क व्यक्ति एवं टेली. नं.: 079-61200594/598/568/587/538, श्री मनोज जोशी, मोबाईल नं. 9081000226 तथा श्री नितीश झा (एम) 7982880393, ईमेलः delhi@auctiontiger.net/support@auctiontiger.net
3. इच्छुक बोलीदाता से आग्रह है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने से पूर्व नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाईट https://ucobank.auctiontiger.net या (Auction Tiger Mobile App- Android) देखें।
4. बोलियां संबंधित विवरणों सहित निर्धारित प्रारूप में केवल ऑन लाइन जमा की जाएगी।
5. उपरोक्त सम्पत्ति के लिए धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान उपरोक्त कॉलम नं. 2 में संबंधित शाखा में वर्णित खाता सं. में क्रेडिट के लिए आरटीजीएस/ एनईएफटी/ निधि अंतरण द्वारा अथवा **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक के पक्ष में नई दिल्ली में देय** डिमांड डठा ?ट/ पे आर्डर द्वारा किया जाएगा।
6. ऑन लाइन जमा की गई संलग्नकों (यूटीआर नं. का उल्लेख करते हुए) के साथ बोली प्रपत्र की एक प्रति प्राधिकृत अधिकारी/ संबंधित शाखा के शाखा प्रबंधक, यूको बैंक के संबंधित शाखा को सुपूर्द की जाएगी तथा उसकी सॉफ्ट कॉपी ई-मेल द्वारा zonewdelhi.rec@ucobank.co.in को अग्रसारित की जाएगी।
7. जमा की गई बोली मूल्य न्यूनतम आरक्षित मूल्य (एमआरपी) के बराबर या/ अधिक होगी लेकिन रु. 10000/- (रुपए दस हजार मात्र) के गुणकों में होनी चाहिए। कृपया ध्यान रहे कि प्रथम ऑन लाइन बोली (एच I) जो ऑन लाइन अग्रगामी नीलामी के दौरान सिस्टम में आता है, वह बोली जमा करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त उच्चतम बोलियों से एक इंक्रीमेंट अधिक होगा अर्थात आरंभिक मूल्य से एक इंक्रीमेंट अथवा आरंभिक मूल्य से विविध इंक्रीमेंट अधिक होगा। नीलामी के दौरान आउटबिड में आने वाला परवर्ती बोली में एच कदर एक इंक्रीमेंट मूल्य में अथवा विविध इंक्रीमेंट मूल्यों में एच I रेट से अधिक होगा।
8. सफल बोलीदाता को ऊपर क्लॉज 7 में निर्दिष्ट उसी प्रक्रिया में बिक्री के दिन ही ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया की समाप्ति के तत्काल बाद (पहले से जमा की गई धरोहर राशि सहित) 25% बोली राशि का भुगतान करना होगा। शेष 75% बिक्री मूल्य का भुगतान सफल बोलीदाता के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा बोली की स्वीकृति/ सम्पुष्टि के 15 दिनों के भीतर किया जाएगा।
9. यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त रूप में बोली राशि का भुगतान करने में विफल होते हैं तो उनके द्वारा जमी की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
10. ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया की समाप्ति के बाद असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस लौटा दी जाएगी।
11. यह बिक्री बैंक की पुष्टि के अधीन होगी तथा यदि ऋणधारक/गारन्टर बिक्री से पूर्व बैंक को सम्पूर्ण राशि का भुगतान कर देते हैं तो बिक्री नहीं की जाएगी।
12. इच्छुक बोलीदाता बैंक चार्जेज के अतिरिक्त किसी भी प्राधिकरण के सम्पत्ति से संबंधित अपनी गोपनीय जांच कर लें तथा अपनी बोली जमा करने से पूर्व सम्पत्ति के टाइटल, विस्तार, क्वालिटी तथा मात्रा के विषय में स्वयं को संतुष्ट कर लें। बिक्री की सम्पत्ति पर किसी प्रकार के किसी दावे, चार्जेज, अधिभारों तथा किसी अन्य विषय आदि के मामले में ऑनलाइन बोली जमा करने के बाद विचार नहीं किया जाएगा।
13. अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या निरस्त करने अथवा बिक्री को स्थगित/निलंबित/रद्द करने तथा किसी भी समय बिक्री के नियमों एवं शर्तों में संशोधन करने का अनन्य अधिकार प्राप्त है।
14. क्रेता को बिक्री प्रमाणपत्र पंजीकरण शुल्कों, सरकार को देय सभी सांविधिक बकाए, कर एवं दरों दोनों वर्तमान तथा भविष्य के आउटगोइंग सहित बिक्री से संबंधित स्टाम्प शुल्क का वहन करना होगा। केवल सफल बोलीदाता के नाम में ही बिक्री प्रमाणपत्र जारी की जाएगी।
15. यह बिक्री सरफैसी अधिनियम/नियम, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा उपरोक्त शर्तों के अधीन होगी।
16. अधिक विवरणों के लिए कृपया सम्पर्क करें: शाखा प्रबंधक, यूको बैंक, संबंधित शाखा (कॉलम-2), अथवा यूको बैंक, अंचल कार्यालय, नई दिल्ली, फोन नं. 011-49498261

यह प्रकाशन उपरोक्त ऋणधारकों/गारन्टरों/मार्टगेजरों के लिए 30 दिनों की सूचना है।

तिथि: 7.11.2019 स्थान: नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक, अंचल कार्यालय, नई दिल्ली

SASKEN
Sasken Technologies Limited
Corporate Identity Number (CIN): L72100KA1989PLC014226
Registered Office: 139/25, Ring Road, Domlur, Bengaluru - 560 071. Phone: + 91 80 6694 3000; Fax: + 91 80 2535 1133;
E-mail: investor@sasken.com; Website: www.sasken.com; Contact Person: Mr. S. Prasad, Associate Vice President & Company Secretary

POST BUY-BACK PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS / BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF SASKEN TECHNOLOGIES LIMITED

This Public Announcement (**"Post Buy-back Public Announcement"**) is in compliance with Regulation 24(vi) of the SEBI (Buy-back of Securities) Regulations, 2018 as amended (**"Buy-back Regulations"**). This Post Buy-back Public Announcement should be read in conjunction with the Public Announcement dated June 21, 2019 published on June 24, 2019 (**"PA"**), the Letter of Offer dated September 30, 2019 (**"LoF"**) and the corrigendum to LoF dated October 16, 2019. The terms used but not defined herein shall have the same meaning as assigned in the PA, the LoF and Corrigendum to LoF.

1. THE BUY-BACK

1.1. Sasken Technologies Limited (**"Company"**) had announced the Buy-back of up to 20,59,243 (Twenty Lakhs Fifty Nine Thousand Two Hundred Forty Three) fully paid-up equity shares of face value ₹10 each (**"Equity Shares"**) representing 12.04% of total paid up equity share capital of the Company from all the existing shareholders / beneficial owners of Equity Shares as on the Record Date i.e., Friday, July 5, 2019 on a proportionate basis, through the tender offer route using stock exchange mechanism (**"Tender Offer"**) at a price of ₹825 (Rupees Eight Hundred Twenty Five Only) per Equity Share (**"Buy-back Price"**) payable in cash, for an aggregate amount not exceeding ₹16,988.76 lakhs (Rupees Sixteen Thousand Nine Hundred Eighty Eight Lakhs and Seventy Six Thousand Only) (**"Buy-back Size"**) excluding cost such as fees, brokerage, securities transaction tax, goods and services tax, stamp duty, etc. (**"Transaction Costs"**). The Buy-back Size of ₹16,988.76 lakhs represents 24.96% and 25% of the total paid-up equity share capital and free reserves (including securities premium account) as per the audited standalone financial statements and audited consolidated financial statements of the Company as on March 31, 2019, respectively.

1.2. The Company adopted the Tender Offer route for the purpose of the Buy-back. The Buy-back was implemented using the Stock Exchange Mechanism as specified by SEBI vide circular CIR/CFD/POLICY CELL/1/2015 dated April 13, 2015 read with SEBI circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016.

1.3. The Buy-back opened on Friday, October 11, 2019 and closed on Friday, October 25, 2019.

2. DETAILS OF BUY-BACK

2.1. 20,59,243 Equity Shares were bought back under the Buy-back at a price of ₹825 per Equity Share.

2.2. The total amount utilized in the Buy-back was ₹16,988.76 lakhs excluding the Transaction Costs.

2.3. The Registrar to Buy-back i.e. Karvy Fintech Private Limited (**"Registrar"**) considered 11,103 valid bids for 34,94,166 Equity Shares in response to the Buy-back resulting in the subscription of approximately 169.68 times the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. The details of the valid applications considered by the Registrar are as follows:

Category	No. of Equity Shares Reserved in the Buy-back	No. of Valid Bids	Total Equity Shares Validly Tendered	% Response
Reserved Category	3,08,887	10,063	4,93,136	159.65
General Category	17,50,356	1,040	30,01,030	171.45
Total	**20,59,243**	**11,103**	**34,94,166**	**169.68**

2.4. All valid applications were considered for the purpose of Acceptance in accordance with the Buy-back Regulations and the Letter of Offer. The communication of acceptance / rejection has been dispatched by the Registrar on November 6, 2019 to the eligible equity shareholders.

2.5. The settlement of all valid bids was completed by Clearing Corporation on November 6, 2019. The Clearing Corporation has made direct funds payout to Eligible Shareholders whose Equity Shares have been accepted under the Buy-back. If Eligible Shareholders' bank account details were not available or if the funds transfer instruction was rejected by RBI/respective bank, due to any reason, such funds were transferred to the concerned Stock Brokers' settlement bank account for onward transfer to such Eligible Shareholders.

2.6. The Equity Shares held in dematerialized form accepted under the Buy-back were transferred to the Company's Demat Account on November 6, 2019. The unaccepted Equity Shares were returned to respective Seller Members / Custodians by Clearing Corporation on November 6, 2019. Pursuant to proviso to Regulation 40(1) of the Listing Regulations read with the LoF, participation in the Buy-back in physical mode was not accepted.

2.7. The extinguishment of 20,59,243 Equity Shares accepted under the Buy-back is currently under process and shall be completed on or before Wednesday, November 13, 2019.

3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN

3.1. The Pre and Post Buy-back Capital structure of the Company is as under:

Sr. No.	Particulars	Pre Buy-back: No. of Shares	Pre Buy-back: Amount (₹ in Lakhs)	Post Buy-back#: No. of Shares	Post Buy-back#: Amount (₹ in Lakhs)
1.	Authorised Share Capital	5,50,00,000 Equity Shares of ₹10 each	5,500.00	5,50,00,000 Equity Shares of ₹10 each	5,500.00
2.	Issued, Subscribed and Paid-up Capital	1,71,10,114 Equity Shares of ₹10 each	1,711.01	1,50,50,871 Equity Shares of ₹10 each	1,505.09

 # Subject to extinguishment of 20,59,243 Equity Shares

3.2. Details of the Shareholders / beneficial owners from whom Equity Shares exceeding 1% of the total Equity Shares bought back have been accepted under the Buy-back are as mentioned below:

Sr. No.	Name of the Shareholder	No. of Equity Shares accepted under Buy-back	Equity Shares accepted as a % of total Equity Shares bought back	Equity Shares accepted as a % of total Post Buy-back Equity Shares[1]
1.	Venkatesh G	87,468	4.25	0.58
2.	Jyotindra B Mody	81,257	3.95	0.54
3.	Lekar Pharma Limited	79,707	3.87	0.53
4.	Mahendrakumar Jayantilal Jhaveri	67,099	3.26	0.45
5.	Neeta S. Revankar	60,074	2.92	0.40
6.	Madhuker Jayantilal Jhaveri	56,890	2.76	0.38
7.	Bipin Amritlal Turakhia	52,639	2.56	0.35
8.	Sejal Pranabh Mody	41,062	1.99	0.27
9.	Nirav Shirish Mody	36,405	1.77	0.24
10.	Pranabh Dinesh Mody	35,135	1.71	0.23
11.	Sudhir Chukkapalli	34,262	1.66	0.23
12.	Sasken Employees Welfare Trust	31,330	1.52	0.21
13.	IDFC Hybrid Equity Fund	31,304	1.52	0.21
14.	Kamlesh N Shah	27,936	1.36	0.19
15.	Vivek Goyal	27,628	1.35	0.18
16.	Evoke Management Services LLP	26,298	1.28	0.17
17.	Hina Rajpraj Dharamshi	23,907	1.16	0.16
18.	Dharamshi Securities Pvt Ltd	23,906	1.16	0.16
19.	Ashwin Ramachandra	20,556	1.00	0.14

[1] Subject to extinguishment of 20,59,243 Equity Shares

3.3. The shareholding pattern of the Company, pre and post Buy-back, is as under:

Category of Shareholder	Pre Buy-back[1]: Number of Shares	Pre Buy-back[1]: % to existing Equity Share capital	Post Buy-back[2]: Number of Shares	Post Buy-back[2]: % to post Buy-back Equity Share capital
Promoters and Promoter Group	72,55,395	42.40	67,76,168	45.02
Persons Acting in Concert	4,71,323	2.75	3,73,569	2.48
Foreign Investors (including Non-Resident Indians FIIs and Foreign Mutual Funds)	42,23,991	24.69	79,01,134	52.50
Financial Institutions / Banks / Insurance Companies & Mutual Funds promoted by Banks / Institutions	1,15,134	0.67		
Others (Public, Public Bodies Corporate, etc.)	50,44,271	29.48		
Total	**1,71,10,114**	**100.00**	**1,50,50,871**	**100.00**

[1] As on Record date i.e. July 5, 2019
[2] Subject to extinguishment of 20,59,243 Equity Shares

4. MANAGER TO THE BUY-BACK

VIVRO
Vivro Financial Services Private Limited
607, 608 Marathon Icon, Opp. Peninsula Corporate Park, Off Ganpatrao Kadam Marg, Veer Santaji Lane, Lower Parel, Mumbai - 400 013
Tel: +91 22 6666 8040 / 41 / 42; **Fax:** +91 22 6666 8047
E-mail: investors@vivro.net; **Website:** www.vivro.net
Contact Person: Mr. Harish Patel / Ms. Mili Khamar
SEBI Registration Number: INM000010122 ; **Validity:** Permanent ;
CIN: U67120GJ1996PT

जनसत्ता

7 नवंबर, 2019

नाकामी का धुआं

दिल्ली और आसपास के इलाकों में हवा की हालत जानलेवा होने की ओर बढ़ने के बावजूद इसके फिलहाल पहचाने गए कारणों से निपटने को लेकर संबंधित सरकारें जिस स्तर की अनदेखी बरत रही हैं, उससे यही लगता है कि उन्हें इस बेहद गंभीर संकट की कोई फिक्र नहीं है! खबरों के मुताबिक पंजाब में मंगलवार को खेतों में पराली जलाने की इस मौसम की सबसे ज्यादा घटनाएं दर्ज की गईं। वहां के किसानों ने पराली जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद साढ़े छह हजार से ज्यादा जगहों पर अपने खेतों में पड़े फसल के अवशेषों के निपटान के लिए उनमें आग लगाई। नतीजतन, पिछले एक-दो दिनों में वायु की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ ही था कि इतने बड़े पैमाने पर पराली जलाने के बाद फिर उसके बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। यह स्थिति तब है जब एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पराली जलाने और उसकी वजह से प्रदूषण पैदा करने वालों से किसी भी तरह की सहानुभूति नहीं हो सकती। बुधवार को एक बार फिर शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप पूरी तरह नाकाम रहे हैं; अब समय आ गया है जब उन अधिकारियों को दंडित किया जाए, जिन्हें किसानों को पराली जलाने से रोकने की जिम्मेदारी दी गई थी।

दरअसल, पिछले कुछ सालों में धान की फसल तैयार होने और उसके अवशेष के रूप में पराली से निजात पाने की अवधि जिस तरह बदली है, उससे उपजी समस्या पर गौर करने के बजाय सरकारों ने इसकी व्यापक अनदेखी की। अगर फसल तैयार होने और कटने का समय सिमटा है और हवा के बहाव की वजह से पराली जलाना अब एक बड़ी समस्या बन गया है तो इसकी पहचान और विश्लेषण कर इसके हल का रास्ता निकालना किसकी जवाबदेही है? किसानों के सामने विकल्पों का अभाव पराली जलाने को उनकी मजबूरी बनाता है तो क्या सरकार को किसी ठोस योजना पर काम नहीं करना चाहिए, ताकि इस मुश्किल का सामना आसानी से किया जा सके? सवाल है कि अगर कई सालों से समस्या की शक्ल कमोबेश एक ही तरह की बनी हुई है तो संबंधित राज्यों की सरकारों ने इसके हल के लिए उचित कदम क्यों नहीं उठाए? आज अगर सुप्रीम कोर्ट के सामने इन सरकारों को फटकार लगाने की नौबत आ गई है तो इसमें क्या अस्वाभाविक है?

सही है कि आमतौर पर हल साल इस मौसम में हवा में प्रदूषण की समस्या गहराती है और इसके कई कारक होते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से लगातार पंजाब और हरियाणा में बड़े दायरे में खेतों में पड़े फसलों के अवशेषों के निपटान का कोई आसान विकल्प नहीं होने की वजह से वहां के किसान आग लगा कर उसे नष्ट करते हैं, ताकि नई फसल के लिए खेत खाली हो सकें। लेकिन इस क्रम में पराली में लगी आग से व्यापक पैमाने पर जो धुआं उठता है, वह आसपास के राज्यों की हवा को बुरी तरह प्रभावित करता है। खासतौर पर हवा का रुख दिल्ली की ओर होने की वजह से राजधानी में प्रदूषण की समस्या बेहद खतरनाक हो जाती है और लोगों के लिए सामान्य रूप से सांस लेना तक दूभर हो जाता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि दिल्ली या समूचे एनसीआर में व्यापक प्रदूषण के संकट के लिए अकेले पराली जिम्मेदार है। वाहनों, एयरकंडीशनर आदि से निकलने वाले कार्बन की वजह से हवा बिगड़ने के तथ्य पराली के प्रदूषण के शोर में दब जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि इस गंभीर संकट की अनदेखी के बजाय एक व्यापक कार्ययोजना तैयार हो और उस पर शिद्दत से अमल हो।

प्याज का संकट

प्याज के दाम एक बार फिर सौ रुपए किलो से ऊपर निकल गए हैं। सिर्फ राजधानी दिल्ली ही नहीं, कई शहरों में इन दिनों प्याज लोगों के आंसू निकाल रहा है। सवा-डेढ़ महीने पहले भी प्याज अस्सी-नब्बे रुपए किलो तक बिका था। तब दाम काबू करने के लिए राज्यों और केंद्र सरकार तक ने कई कदम उठाने के वादे-दावे किए गए थे। कुछ दिन तो राहत मिली, लेकिन फिर से प्याज के दाम सौ रुपए से भी ऊपर चले गए। इसका मतलब है कि इस कारोबार पर सरकार की कोई लगाम नहीं है और व्यापारी अपने हिसाब से चल रहे हैं। यह कोई एकाध साल की बात भी नहीं है, बल्कि साल में एक-दो बार ऐसा झटका गरीब की जेब पर लग ही जाता है। दिल्ली की मंडियों में पिछले एक हफ्ते के दौरान प्याज के दामों में पैंतालीस फीसद से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है और थोक भाव अस्सी रुपए तक जा पहुंचा। इसका असर यह हुआ कि मंडियों से बाजार तक पहुंचने में खुदरा भाव सौ रुपए किलो तक पहुंच गया। यह चिंता और परेशानी की बात ज्यादा इसलिए है कि प्याज रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीज है। लेकिन सरकारें बेफिक्र हैं, उन्हें प्याज के दाम बढ़ने से कोई मतलब नहीं है। हालत यह है कि इस साल प्याज के दाम पिछले चार साल में सबसे ज्यादा चढ़े हैं।

आखिर क्या कारण है कि महीने-दो महीने भी नहीं गुजरते और प्याज के दाम आसमान छू जाते हैं? मोटे तौर पर तो इसे प्याज की फसल से जोड़ कर देखा जाता है। अभी तात्कालिक कारण यह बताया जा रहा है कि बेमौसम की बारिश से प्याज की फसल पर बुरा असर पड़ा है, इसलिए जिन राज्यों से समय पर मंडियों में प्याज पहुंचना था, वह पहुंच नहीं पाया और अचानक से कमी हो गई और दाम चढ़ गए। राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक से दिल्ली सहित कई शहरों में प्याज की भारी मात्रा में आपूर्ति होती है। लेकिन इन दिनों दिल्ली सहित कई शहरों की मंडियों में प्याज की आवक चालीस-पचास फीसद तक घट गई है। दीपावली के महीने भर पहले भी प्याज ने इसी तरह रुलाया था। एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव (महाराष्ट्र) में तब भी प्याज के दाम साठ रुपए किलो बिक रहा था और आज भी यही है। लेकिन अब तो खुदरा भावों ने डेढ़ महीने पहले का रिकार्ड तोड़ डाला है।

प्याज के बढ़ते दामों का संकट आम लोगों के लिए हैं, सरकार के लिए नहीं। व्यापारी इसे कुछ ही समय का संकट बता रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि जब प्याज की फसल खराब होती है तो इसका सबसे ज्यादा फायदा जमाखोर उठाते हैं, वे अपना स्टाक मनमानी कीमत पर निकालते हैं और सीधे खुदरा बाजार में बेचते हैं। लेकिन सरकार जमाखोरों पर अंकुश कभी नहीं लगा पाती। एकाध-दो व्यापारियों पर छापे मार कर कार्रवाई की औपचारिकता कर दी जाती है। यह सिलसिला हर साल का है। दिल्ली में हालांकि सरकार ने सरकारी बिक्री केंद्रों पर सस्ता प्याज मिलने के दावे किए हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि इन केंद्रों पर प्याज है नहीं। लोग खाली हाथ लौट रहे हैं। सवाल यह है कि जब मालूम है कि प्याज का संकट कभी भी खड़ा हो सकता है तो इस समस्या स निपटने के उपाय पहले से क्यों नहीं किए जाते? क्यों राज्य सरकारों और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के बीच तालमेल नहीं है? तब प्याज का जमा स्टॉक कहां चला जाता है? अगर ऐसे संकट से निपटने के लिए पहले से तैयारी हो तो लोगों के आंसू तो नहीं निकलें!

कल्पमेधा

डॉक्टर मृत्यु तक विद्यार्थी रहता है और जब वह विद्या प्राप्त करने की इच्छा छोड़ देता है तो उसकी मृत्यु समझो।

– लार्ड डासन

तालिबान पर चीन का दांव

ब्रह्मदीप अलूने

चीन अफगानिस्तान में तालिबान के प्रभाव को लेकर ज्यादा आशंकित है और ऐसे में वह तालिबान के सहारे आइएस को इस इलाके से खदेड़ कर अपने सीमावर्ती प्रांत की शांति को सुनिश्चित करना चाहता है। चीन को डर है कि आतंकी गतिविधियां बढ़ने से इस क्षेत्र में खतरा पैदा हो सकता है। इसीलिए, चीन पिछले कुछ सालों में अफगानिस्तान को सुरक्षा के नाम पर सात करोड़ डालर से ज्यादा की रकम दे चुका है।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कूटनीति को शांति का साधन माना जाता है। कूटनीति ही तर्क, समझौते, वार्ता और लेनदेन की भावना के आधार पर संघर्षों को रोकती है। चीन की कूटनीति बेहद महत्त्वाकांक्षी होकर भी यथार्थवादी है। अफगानिस्तान में खूनी जंग को रोकने के लिए तालिबान से बातचीत के चीन के प्रयास उसकी यथार्थवादी विदेश नीति को प्रतिबिंबित करते हैं। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी की कवायद के बीच चीन ने बेहद रणनीतिक तरीके से इस मध्य एशियाई देश में शांति के सबसे बड़े अवरोधक तालिबान को बातचीत की मेज पर लाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। एक ओर भारत तालिबान के अस्तित्व को नकारता रहा है, तो दूसरी ओर अफगानिस्तान की सरकार तालिबान को देश की वैधानिक व्यवस्था के लिए खतरा बताती है और अमेरिका तालिबान को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्धता दिखाता रहा है। ऐसे में तालिबान को संरक्षण की पाकिस्तान की नीति को चीन द्वारा अपनी कूटनीति का हिस्सा बना लेना इस पूरे महाद्वीप के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्त्वपूर्ण हो सकता है।

दरअसल, अफगानिस्तान की कबायली संस्कृति मध्य एशिया में बसने वाले कई नृजातीय समूहों के लिए मुफीद है। पश्तून, उज्बेक, ताजिक और हजारा जैसे कबीलों का सांस्कृतिक समन्वय पामीर के पठार से चीन के शिनजियांग प्रांत तक नजर आता है और साम्यवादी चीन के लिए यही स्थिति मुश्किल पैदा करती रही है। चीनी नेताओं का मानना है कि एशिया की समस्त समस्याओं के हल की कुंजी उनके पास है, इसलिए एशिया की किसी भी समस्या का समाधान उसके बिना संभव नहीं है। चीन अपनी विदेश नीति का संचालन बेहद सावधानी से करता है, जिसमें छद्म रूप धारण करके छल का उपयोग किया जाता है। तालिबान को बातचीत की मेज पर लाकर चीन विश्व शांति की दिशा में अपना प्रयास दिखाना चाहता है, लेकिन उसकी नजरों में उसका उत्तर-पश्चिम का अशांत शिनजियांग प्रांत है। यहां रहने वाले उइगर मुसलमान चीन के खिलाफ पृथकतावादी आंदोलन चला रहे हैं। 'ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट' का मकसद चीन से अलग होना है। यह पृथकतावादी आंदोलन 1949 की स्थिति बहाल करना चाहता है और स्वतंत्र पूर्वी तुर्किस्तान को ही स्वीकार करता है। पूर्वी तुर्किस्तान ही चीन प्रशासित शिनजियांग है। शिनजियांग को एक अलग राष्ट्र के तौर पर कुछ समय के लिए पहचान मिली थी, लेकिन उसी साल इसे चीन का हिस्सा बना दिया गया। इस प्रांत में आंतरिक अशांति इतनी ज्यादा है कि इस साल चीन ने जुलाई मे एक श्वेत पत्र जारी किया था। इसमें कहा गया कि यह अस्थिर प्रांत देश का 'अविभाज्य' हिस्सा है और यह कभी पूर्वी तुर्किस्तान नहीं रहा, जैसा कि अलगाववादी दावा करते हैं।

शिनजियांग की सरहदें दक्षिण में तिब्बत और भारत, पूर्व में मंगोलिया, उत्तर में रूस और पश्चिम में कजाकिस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से मिलती हैं। चीन का सबसे बड़ा संकट शिनजियांग की पश्चिम की वह सीमा है जो मुसलिम देशों से मिलती है और यही कारण है कि चीन अफगानिस्तान में सैन्य अड्डा भी बनाना चाहता है। इसके लिए दोनों देशों के बीच पिछले साल से ही बातचीत शुरू हो चुकी है। चीन ये सैन्य शिविर दूरदराज के पहाड़ी इलाके वाखान कॉरिडोर के पास बनाना चाहता है। यहां पर चीन की सीमा अफगानिस्तान से मिलती है। चीन इस इलाके को प्रभाव में लेकर तुर्किस्तान आंदोलन के प्रभाव को खत्म करना चाहता है। चीन का विश्वास है कि उइगर आतंकी इसी गलियारे से उसके शिनजियांग प्रांत में घुसते हैं। उज्बेक, तुर्कमान और पारसी भाषा बोलने वाले अफगान चीन के वीगर मुसलमानों से आसानी से जुड़ जाते है। पिछले कुछ समय से अफगानिस्तान में आइएस के उभार से चीन के अशांत शिनजियांग में आंतरिक अशांति और ज्यादा बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

जनवरी 2015 में इस्लामिक स्टेट (आइएस) ने अपनी खुरासान शाखा स्थापित की थी। खुरासान एक पुराना नाम है जिसके दायरे में अफगानिस्तान और आसपास का इलाका आता है। आइएस ने अरब जगत से बाहर अपने पैर पसारने की कोशिशों के तहत बहुत कम समय में अफगानिस्तान के कम से कम पांच प्रांतों- हेलमंद, जाबुल, फराह, लोगार और नंगरहार में अपनी मौजूदगी का अहसास कराया है। आइएस अफगान तालिबान लड़ाकों को खदेड़ना चाहता है और यह भी चाहता है कि तालिबान-अलकायदा गठबंधन में शामिल लड़ाके उसका हाथ थाम लें। लेकिन स्थानीय समर्थन और राजनीतिक बल हासिल करने की इस कवायद में आइएस को

तालिबान से जबर्दस्त संघर्ष करना पड़ रहा है।

दूसरी ओर, दक्षिण और मध्य एशियाई देशों में सक्रिय आइएस से इस क्षेत्र में सहानुभूति रखने वाले कट्टरपंथी मौजूद हैं। इस क्षेत्र के विभिन्न देशों अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुकर्मेनिस्तान,उज्बेकिस्तान और शिनजियांग से हजारों लड़ाके आइएस के समर्थन में लड़ने के लिए सीरिया और इराक जा चुके हैं। ऐसे में आइएस ने उत्तरी अफगानिस्तान में अपने पैर जमाने की कोशिशें जारी रखी हैं, ताकि वह मध्य एशिया, चेचन और चीनी वीगर उग्रवादियों से गठजोड़ कर सके। रूस भी अपनी रणनीति में बदलाव करके पूर्वी अफगानिस्तान में आइएस के उदय को रोकने के लिए तालिबान की तरफ हाथ बढ़ा रहा है, क्योंकि रूस को डर है कि मध्य एशिया से होते हुए इस्लामिक चरमपंथी हिंसा कहीं उस तक न पहुंच जाए।

यही डर चीन को भी है। चीन वीगरों को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त बताता है। उसका कहना है कि वीगर अफगानिस्तान जाकर आतंकी प्रशिक्षण लेते हैं और शिनजियांग में अशांति फैलाते हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान पर हमले के दौरान अमेरिका सेना ने कुछ वीगरों को पकड़ा था। बाद में उन्हें गुआंतानामो खाड़ी जेल में बंदी बना कर रखा गया। चीन अमेरिका में 9/11 के हमले का सहारा लेकर वीगर अलगाववादियों को अधिकाधिक रूप से अलकायदा और आइएस का सहयोगी सिद्ध करने की कोशिश करता रहा है।

चीन अफगानिस्तान में तालिबान के प्रभाव को लेकर ज्यादा आशंकित है और ऐसे में वह तालिबान के सहारे आइएस को इस इलाके से खदेड़ कर अपने सीमावर्ती प्रांत की शांति को सुनिश्चित करना चाहता है। चीन को डर है कि आतंकी गतिविधियां बढ़ने से इस क्षेत्र में खतरा पैदा हो सकता है। इसीलिए, चीन पिछले कुछ सालों में अफगानिस्तान को सुरक्षा के नाम पर सात करोड़ डालर से ज्यादा की रकम दे चुका है। इतना ही नहीं, चीन अफगानिस्तान को चौवन अरब डालर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में शामिल करने के संकेत भी दे चुका है। चीन तालिबान को सहयोग करके इस समूचे इलाके में रहस्यमय वातावरण तैयार कर समस्या को और जटिल बना सकता है। चीन की विदेश नीति का सैद्धांतिक पक्ष राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय सुरक्षा है। चीन चाहता है कि एशिया से सभी पश्चिमी शक्तियों को निकाल दिया जाए। दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह भी है कि वह भारत को इस क्षेत्र में शक्तिशाली होने से रोकना है। चीन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिन साधनों और तरीकों का प्रयोग करता है, वे अत्यंत खतरनाक है।

भारत-ईरान और अफगानिस्तान सहयोग भी पाकिस्तान और चीन के लिए रणनीतिक चिंता का कारण है। चाबहार और उत्तर दक्षिण पारगमन गलियारे का उद्देश्य अफगानिस्तान और मध्य एशिया क्षेत्र के देशों के साथ संपर्क बढ़ाना है। बदलते दौर में सामरिक और सुरक्षा प्राथमिकताएं बदली हैं। तालिबान के परंपरागत शत्रु रूस ने तालिबान से वार्ता की है, यहां तक कि रूस पर तालिबान को आइएस से लड़ने के लिए हथियार देने के भी आरोप लगे है। ईरान, रूस, अमेरिका, चीन और उज्बेकिस्तान जैसे देश भी तालिबान से बात कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए परंपरागत अफगान नीति से आगे बढ़ कर अग्रगामी कदम उठाते हुए तालिबान से बातचीत के द्वार खोलना राष्ट्रीय हित में होगा। कश्मीर में शांति स्थापित करने के लिए भी तालिबान की तटस्थ भूमिका भारत के लिए जरूरी है।

पेड़ का जीवन

सुरेशचंद्र रोहरा

दुनिया मेरे आगे

सड़क के किनारे उच्च मार्ग पर 'गंगा इमली' के करीब दो दर्जन पेड़ हैं। ये हमें सदैव आकर्षित करने वाले मीठे-मीठे फल, औषधि के रूप में अपनी पत्ती, तने देने वाले, हृदय को आह्लादित करने वाले गंगा इमली के पेड़ आने वाले दिनों में जड़ से उखाड़ कर फेंक दिए जाएंगे। जिस वक्त यह जानकारी मिली, मेरा हृदय हाहाकार कर उठा। हमारे शहर के उपनगर दर्री से कटघोरा मार्ग पर देश की एक कंपनी की 2100 मेगावाट विद्युत उत्पादन कर देश को रोशन करने वाले सयंत्र के साथ एक बड़ी कॉलोनी है। इस कॉलोनी की चारदिवारी के बाहर जंगल-जलेबी के लगभग दो दर्जन अनमोल वृक्ष खड़े हैं, जो भरपूर फल देते हैं। जाने किसने उन्हें कब रोपा है, लेकिन आज वे विशाल वृक्ष छांव के साथ फल देते हैं। मगर नेशनल हाइवे की चार लेन वाली सड़क अब इन वृक्षों अपना ग्रास बना लेगी। यह दुखद सच अब आंखों और मनोमस्तिष्क के आगे दुःस्वप्न बन कर तैरने लगता है तो आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। सोचता हूं कि क्या सच में हम इतने कठोर हैं? हमारी व्यवस्था इतनी असंवेदनशील क्यों है? क्यों उसे दिखाई नहीं देता कि जो वृक्ष वर्षों से खड़े हैं, हम उन्हें इतनी बेदर्दी से काट देते हैं!

मैंने हाल ही में झारखंड के रांची के पास उरगा-हाटी मार्ग और उत्तर प्रदेश में कटघोरा-अंबिकापुर में विशाल वृक्षों को सड़क निर्माण में खेत होते देखा है। चार लेन सड़क निर्माण के नाम पर छत्तीसगढ़ में सैकड़ों वृक्षों को बेरहमी से काट दिया गया। छत्तीसगढ़ बौद्धिक सामाजिक और संवेदनशील लोगों का राज्य माना जाता है। मगर यह देख-सुन कर कोफ्त होती है कि पेड़ों को काटे जाने का कहीं कोई विरोध नहीं हुआ। मैं जब इस मार्ग पर निकलता और पेड़ों को जमींदोज देखता तो हृदय हाहाकार करने लगता... आंखों में आंसू भर आते। सत्ता कितनी असंवेदनशील है, यह सोच मन में जुगुप्सा भर आती है। लगता है जब कहीं कोई रोशनी नहीं है, अंधियारा फैला है।

मन में सवाल उठता है कि तब तुम क्यों आगे नहीं आते? मैं या मुझ जैसे लोग हों जो इसका प्रतिकार पुरजोर शब्दों में करें, लिखें या फिर आंदोलन करें। पेड़ काटा जाए तो 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता से प्रेरणा लेकर विरोध करें, उसे बचाने के लिए लिपट जाएं। मगर ऐसा कोई नहीं है! मैं भी नहीं कर सका... बस देखता रहा... खुद को अपराधी महसूस करते हुए। हां, तब सत्ता प्रतिष्ठान के लिए मुंह से बरबस आह जरूर निकली थी! हिंदी के बड़े संपादक रहे धर्मवीर भारती की पत्नी पुष्पा भारती ने एक करुण लेख लिखा था। उसमें उन्होंने बताया था कि कैसे जिस दिन धर्मवीर भारती का निधन हुआ था, उसी रात उनके घर के निकट एक बड़े वृक्ष का बड़ा हिस्सा बिना तूफान, पानी, हवाओं के टूट कर गिर पड़ा था। भारती जी ने घर पर जाने कितने पौधे, वृक्ष लगा रखे थे और उनसे बतियाते रहते थे।

वृक्षों के हमारे लिए जरूरी होने के जाने कितने तर्क हैं। यह हम अक्सर बताते रहते हैं। महाराष्ट्र के मुंबई के पास आरे में लोगों ने पेड़ों को काटे जाने का जिस तरह विरोध किया, वह मेरे लिए आश्वस्ति की खबर रही। ये पेड़ जो हमारे जीवन के लिए अपरिहार्य हैं, समाचार माध्यमों में कभी-कभार मुख्य मुद्दा बनते रहते हैं। मगर सच यह है कि एक-दो अपवादों को छोड़ कर हमारे आसपास वृक्ष काटे जा रहे हैं। जंगल में कीमती लकड़ियों के लिए तस्कर वन माफिया बदस्तूर अपना काम कर रहा है। कई बार खुद वन कर्मी इन्हें संरक्षण देते हैं। हम घर के आसपास लगे वृक्षों को अपनी क्षुद्र आवश्यकता और स्वार्थ के कारण काट देते हैं। ऐसे में विवेकशील संवेदना से भरपूर चंद लोग ही हैं जो इस मसले पर सकारात्मक रुख रखते हैं और कभी-कभी सुकून भरी खबरें सुर्खियां बन कर लोगों को, हमको प्रेरणा देते हैं।

रही बात जंगल जलेबी की, तो यह रहस्यमयी मीठे-मीठे फलों का उत्स आजकल साहित्य की दुनिया में आकर्षण का केंद्र है, क्योंकि अब शहरों में यह लुप्तप्राय है। जिन्होंने बचपन में एक दफे इसका स्वाद चखा है, देखा है, वे इन्हें प्राप्त करना चाहते हैं। मगर अब संभव नहीं हो पाता। 'जंगल जलेबी' शीर्षक से मशहूर लेखिका नासिरा शर्मा की एक रोचक कहानी है जो बच्चों को जंगल जलेबी के संदर्भ में ढेर सारा ज्ञान देती है।

हमारे मोहल्ले में जंगल जलेबी के आठ-दस वृक्ष हुआ करते थे। बचपन में हम फल तोड़ते और खूब आनंद विभोर होते। अब सिर्फ एक वृक्ष बचा है। हाइवे की चपेट में आने वाले लगभग दो दर्जन वृक्षों के प्रति मैं अतिशय चिंतित हूं। क्या ये वृक्ष बेदर्दी से काट डाले जाएंगे? क्या ऐसा नहीं हो सकता कि चाहें हम जैसा भी करें, वृक्ष न कटे कम से कम! एक साथ खड़े ये वृक्ष जो जाने कैसे, किसने रोपे होंगे, क्या सोचा होगा? कितने वर्ष व्यतीत हो गए, आज फल दे रहे हैं, मगर हम कृतघ्न हैं। अच्छा हो, सरकार वृक्षों को जड़ समेत निकाल कर कहीं दूर रोप दे..! यह तकनीक विदेशों में है। फिर हम क्यों पीछे हैं?

जासूसी का जाल

अभिव्यक्ति और निजता के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर तरह-तरह की आशंकाओं के बीच ताजा वाट्सऐप जासूसी का चौंकाने वाला खुलासा बेहद चिंता पैदा करने वाला है। दुनियाभर में करीब डेढ़ अरब लोग वाट्सऐप इस्तेमाल करते हैं, लेकिन माना जा रहा है कि यह हमले खास लोगों को निशाना बना कर किए गए थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजरायली कंपनी में बने सॉफ्टवेयर से वाट्सऐप में सेंध लगा कर भारतीय पत्रकारों, वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की जासूसी के मामले में कई खुलासे हुए हैं। विपक्ष ने तो इसे मुद्दा बनाया ही है, सरकार के लिए भी यह चिंता का विषय होना चाहिए। फोन और मोबाइल पर बातचीत टेप करने के वैध और अवैध उदाहरण तो लगातार आते ही रहे हैं और इनमें सरकारी एजेंसियों की भागीदारी भी रही है। सरकारी एजेंसियां अमूमन इसे देशहित में आतंकी और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश रखने के लिहाज से जायज ठहराती रही हैं। अदालतें हालांकि बार-बार हिदायत देती रही हैं कि इसके बहाने व्यक्ति की अभिव्यक्ति और निजता के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। ऐसे दौर में वाट्सऐप भरोसा दिलाता रहा है कि उस पर की गई बातचीत या भेजे गए मैसेज सुरक्षित हैं। लेकिन अब पता चल रहा है कि इजरायली कंपनी एनएसओ के स्पाइवेयर पेगासस के जरिये व्हाट्सएप की बातचीत और संदेशों को टेप किया जाता रहा है।

दिलचस्प वाली बात यह है कि नागरिकों की निजता पर हुए हमले की सूचना हमें तब मिली जब खुद वाट्सऐप ने अमेरिका में इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप के खिलाफ केस दर्ज कराते हुए बताया कि इस कंपनी द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर के जरिए दुनियाभर में 1400 लोगों के फोन से सूचनाएं उड़ाई गई हैं। फेसबुक के स्वामित्व वाले संदेश भेजने के प्लेटफार्म वाट्सऐप ने कहा है कि भारत में पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं पर पेगासस के जरिये नजर रखी जा रही थी। यह नजर कौन किसलिए रखेगा इसे समझना मुश्किल नहीं है और अगर ऐसा हुआ है तो यह हमारी सुरक्षा के ख्याल रखने वालों (यानी सरकार) की चूक है। व्हाट्सएप ने भी कहा है कि संबंधित लोगों को जासूसी की सूचना दी है।

सवाल उठता है कि अगर बौद्धिक पत्रकारों या मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की भी निजता और अभिव्यक्ति की आजादी भी सुरक्षित नहीं रहेगी तो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का क्या होगा। हालांकि कुछ समय पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने आधार से जुड़े फैसले में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखते हुए आधार के इस्तेमाल को सिर्फ सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित कर दिया था। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो ऐसे अधिकारों का हनन न हो यह देखना भारत सरकार की जिम्मेदारी बनती है। अभी तक सरकार की ओर से कोई तसल्लीबख्श जवाब नहीं आया है। सरकार को स्पष्ट शब्दों में अपने पर लग रहे आरोपों और शक की सुई उनकी तरफ घूमने पर जवाब देना ही होगा।

● *अमन सिंह, बरेली*

किसान दोषी क्यों

आज एक स्वर में पूरे देश में पराली जलाने को लेकर केवल किसान के ऊपर जिस तरीके से दोषारोपण किया जा रहा है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखी कर देने वाली स्थिति है। जो किसान रात-दिन मेहनत करके सबका पेट भरता है, क्या उसके बारे में कभी किसी ने सोचा है कि उसको उसकी फसल का वाजिब मूल्य भी मिल पाता है या नहीं और नहीं मिल पा रहा है तो क्यों? न उसके पास फसल कटवाने के लिए कामगार है, न ही पराली की अलग से व्यवस्था करने के लिए धन, न ही पराली नष्ट करने का विकल्प उसके सामने है। क्या सीधे-सीधे पूरी व्यवस्था इसके लिए दोषी नहीं है। पहला काम सरकार को यह करना चाहिए कि एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए जिसमें किसानों का प्रतिनिधित्व ज्यादा हो और उन से चर्चा करके इस संबंध में एक उचित और दीर्घकालिक नीति बनाने की कोशिश करें, ताकि प्रदूषण को लेकर के माननीय उच्चतम न्यायालय को बार-बार निर्देश ना देना पड़े।

● *रमेश माहेश्वरी, सुल्तानपुर*

खतरे का संकेत

पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। साथ ही धरती का वातावरण गंभीर प्रदूषण का भी सामना कर रहा है। समुद्र भी प्रदूषण से अछूते नहीं रह गए हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि धरती पर प्राणी जगत के अस्तित्व पर खतरा खड़ा हो गया है। लोगों की औसत आयु भी कम होती जा रही है। हाल में थाईलैंड की राजधानी बैंकाक मे मीडिया को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने दुनियाभर में समुद्रों के बढ़ते जलस्तर पर चिंता जाहिर करते हुए भारत, जापान, चीन और बांग्लादेश को आगाह करते हुऐ इस संकट से निपटने के लिए कहा है और अभी तक इससे निपटने के लिए जो काम हो रहेहैं उन्हें नाकाफी बताया है। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो भारत के साथ ही दुनिया के कई शहर समुद्र में डूब सकते हैं।

● *संजय डागा, हातोद*

हिंसा और सवाल

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में एक वकील की गाड़ी पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद, पहले गिरफ्तारी, फिर हिंसक झड़प और बाद में सड़क पर खुली लड़ाई तक पहुंच गया। क्या केवल गाड़ी पार्किंग को लेकर वकीलों का इस तरह हिंसा पर उतर आने को किसी भी रूप से उचित कहा जा सकता है? भिड़ंत के बीच दिल्ली पुलिस की ओर से फायरिंग भी की गई, जिसमें दो वकील घायल हो गए। क्या पुलिस फायरिंग न करके और कोई दूसरा कदम नहीं उठा सकती थी? दिल्ली में पुलिस और वकीलों के बीच भड़की हिंसा का असर यह हुआ कि कानपुर में भी एक वकील ने पुलिस जवान की पिटाई कर दी। समझने वाली बात है कि समाज को कानून का पाठ पढ़ाने वाली पुलिस और वकील यदि इस तरह की गुंडागर्दी और मारपीट पर उतर आएंगे तो आखिर न्याय के लिए खड़ा कौन होगा? सबसे बुरी बात तो यह रही कि पढ़े-लिखे वकील समुदाय ने जो संविधान और कानून की शपथ लेते हैं और जनता की रक्षा और उसे न्याय दिलाने का संकल्प लेते हैं, उन्हीं वकीलों ने आम लोगों को भी नहीं बक्शा, राह चलते लोगों को जमकर पीटा, ऑटो वाले को पीट कर घायल कर दिया। न्याय मित्रों से समाज को बहुत अपेक्षाएं रहती हैं। परिस्थिति कितनी ही विकट हो, धैर्य व संयम से काम लेना चाहिए।

● *मंगलेश सोनी, मनावर, धार*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

जनसत्ता
युवा शक्ति
7 नवंबर , 2019 7

दूध को अधिक दिनों तक सुरक्षित रखने में मदद करते हैं डेरी विशेषज्ञ

डेरी तकनीक से जुड़े इंजीनियर बायोकेमिस्ट्री और बैक्टिरियोलॉजी की सहायता से दूध उत्पादों को कुछ तरह से तैयार करते हैं जिससे उन्हें अधिक से अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सके। डेरी तकनीक के विद्यार्थियों को दूध उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, वितरण, संग्रहण और उनके आवागमन से जुड़ी हर तरह की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। ये विशेषज्ञ दूध और उससे निर्मित उत्पादों की उपयोगिता बढ़ाने के मकसद से डेरी तकनीक में भौतिक, रसायन, इंजीनियरिंग और अर्थशास्त्र आदि विषयों की भी मदद लेते हैं।

पटरियों पर इतिहास रचने वाली लड़कियां

मीना

मेरे लिए पहली बार मैम सुनना बहुत ही गर्व महसूस कराने वाला पल था। कभी सोचा नहीं था कि ऐसा भी होगा कि इतने यात्री मुझे मैम बुलाएंगे। काली-पीली पोशाक के बीच आत्मविश्वास से लबरेज 20 साल की सिमरन कहती हैं कि मेरा बचपन से ही सपना था कि मैं केबिन क्रू का हिस्सा बनूं। केबिन क्रू कहीं भी हों चाहें ट्रेन में या प्लेन में, पर सपना पूरा हो रहा है। अक्तूबर में शुरू हुई भारत की पहली कॉरपोरेट ट्रेन तेजस में काम करने वाली होस्टेस लड़कियां यहां नौकरी पाकर बहुत खुश हैं। भारत में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी रेल सेवा में हवाई सेवा जैसी सुविधा दी गई हो। तेजस लखनऊ से दिल्ली का सफर साढ़े छह घंटे में तय कर लेती है। इस ट्रेन की एक बड़ी खासियत इसकी होस्टेस हैं। तेजस में काम करने वाली होस्टेस ने बताए अपने काम के अनुभव।

मेकअप मेरे प्रशिक्षण का अहम हिस्सा

सिमरन

आंखों पर तीरनुमा आकार में लगा लाइनर, काजल, मसकारा, होठों पर लिपस्टिक और चेहरे पर मुस्कुराहट लिए सिमरन कहती हैं कि मेकअप हमारे प्रशिक्षण का अहम हिस्सा है। अगर हम ये सब न करें तो हम में वो एटिट्यूड ही नहीं आ पाएगा जो हमारे काम की मांग है। वे कहती हैं कि जब हम तेजस की ड्रेस और ट्रॉली लेकर स्टेशन पर पहुंचते हैं और जब लोग हमें देखकर कहते हैं कि देखो तेजस का क्रू जा रहा है तो वो बहुत अच्छा लगता है। सिमरन कहती हैं कि हमारी पूरी पोशाक इस तरह से डिजाइन की गई है कि उससे न तो हमें असहजता हो और न ही यात्री को। सिमरन कहती हैं कि जब काम के बाद घर पहुंचती हूं तो सुबह लोगों के फोन आते हैं। सब मिलने आते हैं। तब लगता है कि मैं सेलिब्रिटी बन गई हूं।

पहली कॉरपोरेट ट्रेन में काम करके इतिहास रच रही हूं

शुभांगी श्रीवास्तव

तेजस के एक डिब्बे में कोच क्रू की प्रबंधक शुभांगी श्रीवास्तव ब्रीफिंग के लिए पूरे स्टाफ को इकट्ठा कर रही हैं। वे कहती हैं कि पूरी टीम को लीड करके खुद में तो आत्मविश्वास आता ही है साथ ही मुझे इन सभी लड़कियों से भी प्रेरणा मिलती है कि ये लोग कितनी मेहनत कर

सपनों की उड़ान

रही हैं। शुभांगी का कहना है कि जब मुझे यह मालूम हुआ कि मैं एक ऐसी ट्रेन में काम करने वाली हूं जो भारत की पहली कॉरपोरेट ट्रेन है, तो मुझे बहुत खुशी हुई। आज मुझे ऐसा महसूस होता है कि जैसे हम इतिहास रच रहे हैं। शुभांगी कहती हैं कि ये पूरी ट्रेन नारी शक्ति की ट्रेन है। यहां नारियों का ही बोलबाला है। शुभांगी कहती हैं कि क्योंकि यहां लड़कियों का स्टाफ ज्यादा है तो महिला यात्रियों को हमारे साथ सहजता महसूस होती है। अगर किसी महिला का कोई बच्चा रो रहा होता है तो हम उनकी मदद कर देते हैं। इसके अलावा अगर किसी महिला को यात्रा के दौरान माहवारी हो गई तो उसके लिए भी वे हमसे बेझिझक बात कर लेती हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए पहले ही एक किट ट्रेन में रखी जाती है। वे कहती हैं कि हम खुद लड़कियां हैं इसलिए महिलाओं की परेशानी समझती हैं। शुभांगी बताती हैं कि ट्रेन में एक दिन में 20 लड़कियां होती हैं जिसमें से दो लड़कियां एक कोच में जाती हैं।

शुभांगी कहती हैं कि हमें हर दिन यात्रियों से कुछ नया सीखने को मिलता है। मेरे लिए यात्री सीखने की एक नई सीढ़ी हैं। लखनऊ निवासी शुभांगी ने एविएशन में डिप्लोमा लिया है। शुभांगी का कहना है कि हम चाहते हैं कि हर परिवार से इस क्षेत्र में लड़कियां आएं। ये एक अच्छा प्लेटफॉर्म है जहां लड़कियों की नौकरी और सुरक्षा दोनों का ध्यान रखा जा रहा है। काम के दौरान आने वाली चुनौतियों से कैसे पार पाती हैं? इस सवाल के जवाब में तेजस की होस्टेस ने कहा कि बस एक मुस्कुराहट और सब ठीक। तभी सिमरन ने कहा मुस्कुराइ, आप तेजस में हैं।

यहां आकर अंग्रेजी भी अच्छी हो गई

जैनब खातून

19 साल की जैनब खातून आत्मविश्वास के साथ जवाब देती हैं कि हिलती-डुलती ट्रेन में हमें सर्विस ट्रॉली लेकर चलना पड़ता है। अभी तक यह काम पुरुष ही करते थे लेकिन अब हम लोगों ने सब कुछ संभाल लिया है। जैनब को तेजस में अभी दो हफ्ते ही हुए हैं। वे कहती हैं कि हमें यहां वो तहजीब सिखाई गई जो हमने कॉलेज में भी नहीं सीखी थी। यहां आकर मेरी अंग्रेजी भी अच्छी हो गई। एक नई जुबान सीखने के बाद मेरे आत्मविश्वास में और भी बढ़ोतरी हुई है। अब अंग्रेजी में बात करते समय मैं झिझकती नहीं हूं। जैनब कहती हैं कि कई बार तो इतने अच्छे यात्री आते हैं कि वो हमें आशीर्वाद देकर जाते हैं और हमारे उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। जैनब बताती हैं कि शुरुआत में मेरे पापा इस काम के लिए नहीं मान रहे थे लेकिन जब उन्होंने तेजस देखी और यहां मिलने वाला सम्मान देखा तो उन्होंने कहा कि अब मैं तेजस में ही ट्रैवल करूंगा। साथ ही जैनब यह भी कहती हैं कि जिन लोगों को लगता है कि होस्टेस का काम अच्छा नहीं होता वे एक बार तेजस तो आकर देखें।

अगर ज्यादा सोचने की आदत है तो इन उपायों से करें दूर

हाय मेरे दोस्तों ने मुझे ऐसा कैसे बोल दिया। मुझे उन्हें तुरंत बढ़िया जवाब देना चाहिए था। मुझे उन्हें अक्ल सिखानी चाहिए थी, ताकि वो दोबारा ऐसा न बोलें....जब हम किसी व्यक्ति से या किसी समस्या से परेशान होते हैं तो कुछ ऐसे ही विचार हमारे मन में बार-बार घूमते हैं। ये समस्याएं किसी भी मुद्दे पर हो सकती हैं। मसलन आपके करिअर, परिवार या समाज किसी भी मुद्दे पर आपको परेशानी हो सकती है। अक्सर मनुष्य जब किसी ऊहापोह में होता है या कोई ऐसी बात जो भीतर से कचोट रही है तो वह उसके बारे में बहुत ज्यादा सोचता है और तब तक सोचता है जब उसे उसका हल न मिल जाए या उसके मन की बात जिस तक पहुंचानी है उस तक न पहुंचाई जाए। ठीक दिशा में सोचना अच्छा होता है लेकिन किसी विषय पर बहुत ज्यादा सोचकर नकारात्मक भाव की ओर बढ़ना आपमें तनाव बढ़ाता है। दूसरा आपने खुद भी महसूस किया होगा कि जब किसी समस्या पर ज्यादा सोचते हैं तो अपना ही नुकसान कर रहे होते हैं। उस वक्त जिस समय आप किसी मुद्दे पर सोच रहे होते हैं तब आप किसी और काम में मन नहीं लगा पाते। जिस वजह से आपके बाकी सारे काम बिगड़ने लगते हैं। तो ज्यादा सोचने की वजह से हमारे और आपके काम और ज्यादा न बिगड़ें इससे पहले हमें अपनी इस आदत पर लगाम लगाना होगा।

खुद को खुश रखने की कोशिश करें

हमें मालूम है कि हम परेशान हैं लेकिन परेशानी को बार-बार सोचकर अपना अच्छा समय क्यों बर्बाद किया जाए। इसलिए जब किसी बात पर बहुत ज्यादा परेशान हैं और उसके बारे में बहुत ज्यादा सोच रहे हैं तो थोड़ा समय निकालकर खुद को तैयार करिए, थोड़ा नाचिए, थोड़ा टहलने के लिए बाहर निकल जाइए और अगर कुछ न मिले तो कोई कॉमेडी धारावाहिक देख लीजिए। इतना अगर आप करेंगे तो उस पल के लिए आप अपनी समस्या भूल जाएंगे और आगे क्या करना है इसके बारे में सोचेंगे।

बीती बातों को न सोचें

ऐसी बातें जो आपको दुख दे रही हैं। आपके व्यक्तित्व को नुकसान पहुंचा रही हैं।

परामर्श

तो ऐसी बातों को बीती बातें सोचकर पीछे छोड़ देना चाहिए। क्योंकि जो बीत गई सो बात गई। बीती बातें आपमें तनाव बढ़ाती हैं और साथ ही आपके काम करने की क्षमता पर भी असर डालती हैं।

अपना सर्वश्रेष्ठ स्वीकार करें

आप इस बात के डर में न रहें कि आपसे क्या बेहतर तरीके से नहीं आता। बल्कि ये सोचें कि आपको सबसे अच्छे से क्या आता है। जब आप ये सोचने लगते हैं कि आप बहुत सुंदर नहीं हैं, बहुत मेहनती हैं, बहुत समर्पित नहीं हैं तो आपका डर और बढ़ने लगता है। इसलिए बेहतर कि अपने डर या कमजोरियों पर सोचने के बजाए अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता पर विचार करना चाहिए। इससे आपमें आत्मविश्वास बढ़ेगा।

आज में जिएं

जीवन जीने का सबसे बेहतर तरीका है कि आज में जिया जाए। जो आज है। इस पल है उसको जीएं। अभी जो जीवन मिला है। उसको खुशहाल बनाने की सोचें। जीवन में परेशानियां आती और जाती रहती हैं। धीरे-धीरे सब खत्म हो जाती हैं। कुछ भी अंतिम नहीं होता है। इसलिए परेशानियों के बारे में बहुत ज्यादा न सोचें। खुद को सुंदर बनाएं और आज में जी कर सभी को खुशहाली दें।

विस्तृत दृष्टिकोण में सोचें

जब आपको कोई समस्या परेशान कर रही हो तब आप खुद से बात करें और प्रश्न पूछें कि जिस समस्या को लेकर आप इतने परेशान हैं क्या वो अगले पांच सालों में आपके लिए कोई मायने रखगी या अगले पांच हफ्ते तक। अगर आपको इसका जवाब मिल जाएगा तो आप खुद ही उस समस्या के बारे में सोचना बंद कर देंगे।

सब कुछ आपके नियंत्रण में नहीं

सब कुछ नियंत्रित करना छोड़ दें। सब कुछ आपके बस में नहीं हो सकता। आप जिसमें बेहतर हैं उस पर ध्यान दें। बाकी सब कुछ खुद-ब-खुद अच्छा होता चला जाएगा।

नकारात्मक विचारों को कहें न

अक्सर जब दिनभर के काम के बाद सोने का समय आता है तब नकारात्मक विचार मन में गूंजने लगते हैं। अगर ऐसे विचार मन में बार-बार आ रहे हैं तो उन्हें न कहें। खुद से दृढ़निश्चय करें कि इस बस इस विषय के बारे में अब नहीं सोचना है।

खुद को व्यस्त रखें

जब आपको लगे कि आपकी ज्यादा सोचने की आदत आपके लिए परेशानी का सबब बन रही है तो खुद को ज्यादा से ज्यादा व्यस्त रखें। इससे आपकी रचनात्मकता में तो बढ़ोतरी होगी ही साथ ही आपको खुशी भी मिलेगी।

युवा शक्ति डेस्क

डेरी तकनीक में शानदार भविष्य

सुशील राघव

देश में दूध और दूध के उत्पादों की बढ़ती मांग ने दूध प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) को डेरी क्षेत्र का महत्त्वपूर्ण भाग बना दिया है। किसी भी दूध के उत्पाद को अधिक से अधिक दिनों तक सुरक्षित रखने के लिए डेरी विशेषज्ञों की मांग भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद डेरी विकास की योजना भारत में सबसे सफल विकास कार्यक्रमों में से एक रही है। आज भारत को दुनिया में अलग पहचान दिलाने में को-ऑपरेटिव सोसायटियों ने अपना अहम योगदान दिया है। दूध के उत्पाद बनाने वालीं इन को-ऑपरेटिव सोसायटियों में डेरी तकनीक के विशेषज्ञों की मांग बढ़ी है।

अवसर

योग्यता

डेरी तकनीक में स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने के लिए विज्ञान विषयों खासकर जीवविज्ञान के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। बारहवीं का अंक फीसद भी इसमें मायने रखता है। डेरी तकनीक के पाठ्यक्रम संचालित करने वाले अधिकांश संस्थान प्रवेश परीक्षा के जरिए दाखिले करते हैं। सरकारी संस्थानों के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च एक केंद्रीय प्रवेश परीक्षा- ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जामिनेशन फॉर एडमिशन टू बैचलर प्रोग्राम इन एग्रीकल्चर एंड एलायड साइंस सब्जेक्ट आयोजित करता है। डेरी तकनीक के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए संबंधित विषय में बीई या बीटेक की डिग्री आवश्यक है।

पाठ्यक्रम

- बीई या बीटेक इन डेरी तकनीक
- मास्टर ऑफ तकनीक इन डेरी तकनीक
- डिप्लोमा इन डेरी तकनीक
- एमटेक डेरी तकनीक
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन डेरी साइंस एंड तकनीक
- मास्टर ऑफ तकनीक इन डेरी केमिस्ट्री
- मास्टर ऑफ तकनीक इन डेरी माइक्रोबायोलॉजी
- डिप्लोमा इन फूड एंड डेरी तकनीक
- पीएचडी इन डेरी तकनीक

इन पदों पर मिलेगा काम

- डेरी टेक्नोलॉजिस्ट
- डेरी मेडिकल ऑफिसर
- डेरी वैज्ञानिक
- इंडस्ट्री सुपरवाइजर
- माइक्रो-बायोलॉजिस्ट
- न्यूट्रिशनिस्ट

विज्ञान की जानकारी आवश्यक

इस क्षेत्र में करिअर बनाने वालों के लिए विज्ञान विषयों की जानकारी आवश्यक है। यहां नई चीजों को जानने की ललक का होना जरूरी है। दूध का ज्यादातर काम गुजरात, राजस्थान और पंजाब के इलाकों में होता है, इसलिए डेरी तकनीक के पेशेवरों को देश के दूर-दराज हिस्सों में काम करना पड़ता है।

संस्थान

- राष्ट्रीय डेरी शोध संस्थान, करनाल, हरियाणा
- सैम हिग्गीनबॉटम कृषि, तकनीक एवं विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद, यूपी
- पदम भूषण वसंतदादा पाटिल कॉलेज, बीड, महाराष्ट्र
- उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, यूपी
- देशभक्त विश्वविद्यालय, फतेहगढ़ साहेब, पंजाब
- जवाहरलाल नेहरू पॉलीटेक्निक, मुरादाबाद, यूपी
- एपेक्स विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान
- डेरी विज्ञान कॉलेज, बंगलुरु, कर्नाटक

वेतन

डेरी प्लांट्स में डेरी तकनीक पेशेवरों को शुरूआत में प्रशिक्षु और शिफ्ट अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। इस दौरान 20,000 से 25,000 रुपए के बीच वेतन मिल सकता है। कुछ साल के अनुभव के बाद पद के साथ वेतन में भी बढ़ोतरी का लाभ मिलता है।

रोजगार के अवसर

उत्पाद से जुड़े किसी भी पाठ्यक्रम को करने के बाद रोजगार के काफी विकल्प मौजूद होते हैं। डेरी तकनीक के विद्यार्थियों के लिए सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों में बहुत संभावनाएं हैं। डेरी फार्म, को-ऑपरेटिव सोसायटी, ग्रामीण बैंक और प्रसंस्कृत दुग्ध उत्पाद निर्मित करने वाली कंपनियों में डेरी तकनीक के पेशेवरों की नियुक्ति होती है। कुछ सालों का अनुभव हो जाने पर सलाहकार के रूप में काम की शुरूआत की जा सकती है। इसके अलावा डेरी तकनीक पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों से लेक्चरर के रूप में भी जुड़ा जा सकता है। विदेशों में भी डेयरी विशेषज्ञों की काफी मांग है। सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड और डेनमार्क में हर साल सैकड़ों नौकरियां निकलती हैं।

सूचनापट्ट

दाखिले

एयूडी, दिल्ली

आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) के द स्कूल ऑफ बिजनेस, पब्लिक पॉलिसी एंड सोशल आंत्रप्रन्यॉरशि ने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में दाखिले शुरू किए हैं। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। दाखिला लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को या तो भारतीय प्रबंधन संस्थान की ओर से आयोजित कैट देनी होगी या फिर उन्हें एयूडी की ओर से एमबीए के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा देनी होगी। इतना ही नहीं उम्मीदवार दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकता है ताकि बेस्ट स्कोर के आधार पर उसे दाखिला मिले सके। एयूडी की परीक्षा 23 फरवरी 2020 को आयोजित होगी। सत्र जुलाई 2020 से शुरू होगा।

अंतिम तिथि : 31 दिसंबर, 2019

एफएमएस, दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडी (एफएमएस) के एमबीए एग्जीक्यूटिव, एमबीए एक्जीक्यूटिव (स्वास्थ्य देखभाल प्रशासन), एमबीए और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन सभी पाठ्यक्रमों में कैट के स्कोर के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। उम्मीदवार एफएमएस की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को एक हजार रुपए का भुगतान करना होगा। एमबीए पाठ्यक्रम के लिए दाखिले की योग्यता सूची तैयार करते समय 60 फीसद भार कैट परीक्षा में मिले स्कोर का होगा। इसके अलावा कक्षा दस और बारह के अंकों का भी 5-5 फीसद भार होगा। समूह परिचर्चा का 10 फीसद, व्यक्तिगत साक्षात्कार का 15 फीसद और बिना तैयारी के बोलने का 5 फीसद भार तय किया गया है।

अंतिम तिथि : 25 नवंबर, 2019

प्रवेश परीक्षा

कैट-2019

भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आइआइएम) के स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा और शोध पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 24 नवंबर 2019 को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कैट-2019) का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। यह परीक्षा देश के 156 शहरों में आयोजित होगी। इसके लिए 23 अक्तूबर से प्रवेशपत्र डाउनलोड होने शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार लॉगइन करके अपना प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा कैट की वेबसाइट पर मॉक टेस्ट का लिंक भी शुरू हो गया है। इसके माध्यम से उम्मीदवार परीक्षा से पहले उसका नमूना हल कर सकते हैं।

अंतिम तिथि : 24 नवंबर, 2019

योग्यता परीक्षा

जीपैट-2020

एम फार्मो पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 28 जनवरी 2020 को स्नातक फार्मेसी अभिरुचि परीक्षा (जीपैट) का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) करती है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने की इच्छा रखते हैं, वे एनटीए या जीपैट की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य, ईडब्लूएस सामान्य और ओबीसी वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों को 1600 और महिला उम्मीदवारों को 800 रुपए का भुगतान करना होगा। वहीं, एससी, एसटी, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर वर्ग के सभी उम्मीदवारों 800 रुपए का भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क का भुगतान 1 दिसंबर तक किया जा सकता है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एनटीए की वेबसाइट से प्राप्त करें।

अंतिम तिथि : 30 नवंबर, 2019

सीमैट-2020

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) से मान्यता प्राप्त संस्थानों के प्रबंधन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 28 जनवरी 2020 को सामान्य प्रबंधन प्रवेश परीक्षा (सीमैट) का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) करती है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने की इच्छा रखते हैं, वे एनटीए या जीमैट की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

वाट्सएप जासूसी : संसदीय समिति ने 20 नवंबर को बुलाई बैठक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसद की स्थाई समिति ने 'वाट्सएप' जासूसी मामले पर चर्चा के लिए 20 नवंबर को बैठक बुलाई है। शशि थरूर सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को भेजे पत्र में कहा है कि भारतीय नागरिकों की जासूसी के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल 'गंभीर चिंता' का विषय है और 20 नवंबर को समिति की अगली बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी।

फेसबुक के स्वामित्व वाले 'वाट्सएप' ने 31 अक्तूबर को भारत सरकार को सूचना दी थी कि भारतीय पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित कई भारतीय उपयोगकर्ताओं (यूजरों) की इजराइली स्पाईवेयर 'पेगासस' के जरिए जासूसी की गई। हालांकि, सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आइटी) मंत्रालय ने दलील दी है कि उपलब्ध कराई गई सूचना अपर्याप्त है।

अपने पत्र में थरूर ने समिति के सदस्यों से अपील की है कि एक प्रजातांत्रिक गणतंत्र होने के नाते हमें पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने होंगे, ताकि किसी अनधिकृत तरीके या बाहरी उद्देश्य के लिए कार्यकापालिका की शक्तियों का दुरुपयोग न किया जा सके। शशि थरूर ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निजता के मौलिक अधिकार को स्पष्ट रूप से मान्यता दिए जाने का संदर्भ देते हुए थरूर ने अपने पत्र में कहा कि इस अधिकार का उल्लंघन करने वाली किसी भी कार्रवाई की वैधता, यथार्थता और जरूरत का विश्लेषण करने की जरूरत है।

थरूर ने कहा कि स्थाई समिति में सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष दोनों के सदस्य नागरिकों की निजता के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए मिलकर काम करें। सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसद की स्थाई समिति के अलावा गृह मामलों की समिति भी अपनी अगली बैठक में 'जासूसी' के मामले को उठाएगी।

वाट्सएप के दुनिया भर में 1.5 अरब यूजर हैं जिनमें भारत में 40 करोड़ हैं। वाट्सएप ने कहा था कि उसने इजराइली निगरानी कंपनी 'एनएसओ ग्रुप' के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। इस ग्रुप का उस तकनीक विकसित करने में हाथ है, जिसने बेनाम इकाइयों को 1,400 वाट्सएप उपयोगकर्ताओं के मोबाइल फोन हैक करने में मदद की। इन उपयोगकर्ताओं में राजनयिक, सरकार विरोधी नेताओं, पत्रकार और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इन आरोपों पर वाट्सएप से एक रिपोर्ट तलब की है।

दिल्ली पहुंचे खट्टर, हरियाणा मंत्रिमंडल पर लगेगी मुहर

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 6 नवंबर।

हरियाणा की नवगठित भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मंत्रिमंडल का विस्तार इस सप्ताह के अंत तक किए जाने के आसार हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच सूबे के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर बुधवार को दिल्ली पहुंचे। उनका भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष सहित अन्य शीर्ष नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। समझा जा रहा है कि मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले नामों पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मुहर लगाने के उद्देश्य से दिल्ली पहुंचे हैं।

सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री खट्टर ने भाजपा अध्यक्ष शाह, नड्डा, अनिल जैन, सहित कई अन्य प्रमुख नेताओं से मिलने का समय मांगा है। भाजपा अध्यक्ष शाह से सहित अन्य पार्टी नेताओं से गुरुवार को उनकी मुलाकात होने की संभावना है। कहा यह भी जा रहा है कि हरियाणा मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले सभी मंत्रियों के नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। लेकिन भजपा के शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद ही नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी।

भाजपा में अंदरखाने लगातार छठी बार विधानसभा का चुनाव जीतने वाले अनिल विज को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। विज के अलावा कम से कम पार्टी के पांच अन्य विधायकों को मंत्री पद से नवाजा जा सकता है। जिन भाजपा विधायकों को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है उनमें सीमा त्रिखा, बनवारीलाल, कंवरपाल गुर्जर, संदीप सिंह विशंभर वाल्मीकि, अभय सिंह यादव आदि के नाम प्रमुख हैं जबकि जजपा से रामकुमार गौतम और ईश्वर सिंह को मंत्री बनाए जाने के आसार हैं।

भाजपा नेतृत्व पर समर्थन देने वाले सात विधायकों को भी सत्ता में भागीदारी देने का दबाव है। ऐसे में कम से कम दो विधायकों को मंत्री पद मिल सकता है। 90 सदस्यीय हरियाणा मंत्रिमंडल में कुल 13 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

हरियाणा में मंत्रिमंडल विस्तार में हो रही देरी को लेकर पूछने पर सूत्रों ने बताया कि दो मुद्दों पर मंथन हो रहा है। पहला यह कि गृह, वित्त व आबकारी जैसे प्रमुख महकमों पर दावा ठोक रही जजपा को कौन-कौन विभाग दिए जाएं तथा मंत्रिमंडल में जातीय समीकरण का संतुलन बन जाए। उन्होंने कहा कि जजपा से मंत्री बनने वाले ज्यादातर नेता जाट हैं जबकि निर्दलीय विधायकों में ज्यादातर जाट ही मंत्री बनने के दावेदार हैं ऐसे में भाजपा को यह सुनिश्चित करना है कि हरियाणा मंत्रिमंडल की छवि कहीं जाट बहुल मंत्रिमंडल की नहीं बन जाए।

वकीलों ने वादियों के लिए बंद किए अदालत के गेट

पेज 1 का बाकी

देश में पुलिस या सशस्त्र बलों को यूनियन बनाने -प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। इसलिए पुलिस का प्रदर्शन वाला बर्ताव और आचरण गंभीर कदाचार व कर्त्तव्य निर्वहन में चूक है। वकीलों ने मांग की कि धरना में शामिल लोगों का तत्काल निलंबन किया जाए।

रोहिणी जिला अदालत में प्रदर्शन के दौरान एक वकील ने खुद पर मिट्टी का तेल डाल लिया और आग लगाने की धमकी दी। एक अन्य प्रदर्शनकारी वकील परिसर में एक इमारत की छत पर चढ़ गया। दिल्ली बार एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि वादियों को सुरक्षा कारणों से भीतर नहीं जाने दिया जा रहा है। दिल्ली में सभी जिला अदालतों की बार एसोसिएशनों की समन्यवय समिति के महासचिव धीर सिंह कसाना ने कहा कि भीतर कोई पुलिस अधिकारी नहीं है। वादियों की सुरक्षा जांच कौन करेगा। उनके बीच कुछ अपराधी भी हो सकते हैं। साकेत जिला अदालत परिसर के गेट पर साथियों के साथ प्रदर्शन कर रहे कसाना ने कहा कि हमारा 10,000 से अधिक सदस्यों का एक बड़ा परिवार हैं। घायल वकीलों के कल्याण और हमारी सुरक्षा को लेकर किसी की भी ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला है। तीस हजारी अदालत की दिल्ली बार एसोसिएशन के सचिव जयवीर सिंह चौहान ने कहा कि वादियों को अदालत परिसर में प्रवेश की इजाजत दी गई। हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें अदालत कक्षों में भी जाने दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारी अन्य वकील ने कहा कि जब तक वकीलों पर लाठीचार्ज करने और कथित तौर पर गोली चलाने वाले पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे।

पुलिसकर्मियों और वकीलों के बीच तनाव के हालात शनिवार से बनने शुरू हो गए थे जब तीस हजारी अदालत में पार्किंग को लेकर हुई झड़प में कम से कम 20 पुलिसकर्मी और कई वकील घायल हो गए थे। इसके बाद सोमवार को साकेत अदालत के बाहर एक पुलिसकर्मी पर वकीलों के कथित हमले की घटना हुई। इन घटनाओं के विरोध में पुलिसकर्मियों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया था। सोमवार की घटना के वीडियो में साकेत जिला अदालत के बाहर मोटरसाइकिल पर सवार वर्दीधारी एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारते दिख रहे अज्ञात लोगों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

आवास क्षेत्र को मिलेंगे 25,000 करोड़ रुपए

पेज 1 का बाकी

की परियोजनाओं या मध्यम वर्ग के लिए बनाए जाने वाले घरों की परियोजनाओं के लिए भी धन उपलब्ध कराया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस फंड के द्वारा एक खाते में पैसे डालकर अपूर्ण परियोजना को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में यह खाता एसबीआइ के पास होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि रेरा में जो भी अपूर्ण परियोजनाएं हैं, उनको सहयोग दिया जाएगा। उन्हें आखिरी चरण तक मदद दी जाएगी। कोशिश होगी कि खरीदारों को जल्द मकान मिल जाए। अगर कंपनी लिक्विडेशन में है, तब इसका फायदा नहीं मिल पाएगा। सीतारमण ने कहा कि उन्होंने पिछले दो महीनों में प्रभावित लोगों और बैंकों के साथ कई बैठकें कीं। एक बैठक में तो रिजर्व बैंक के गवर्नर भी मौजूद थे, जिन्होंने घर के खरीदारों के हित में उपाय सुझाए। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर किसी इकाई की एक परियोजना शुरू हुई और पूरी नहीं हो पाई, उसे सहयोग मिलेगा। लेकिन उसी कंपनी की शुरू नहीं हो सकी दूसरी परियोजना को लाभ नहीं मिलेगा।

पासपोर्ट पर भारत ने मांगी सफाई

पेज 1 का बाकी

क्योंकि, अगर कोई बदलाव उनकी ओर से है तो मूल समझौते में संशोधन करना होगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने विशिष्ट लोगों के लिए इंतजामों व जरूरी चीजों के बारे में अवगत कराने के लिए अग्रिम टीम भेजने के भारत के अनुरोध पर अब तक जवाब नहीं दिया है। भारत और पाकिस्तान- दोनों ओर से करतारपुर गलियारे का औपचारिक उद्घाटन नौ नवंबर को किया जाएगा।

करतारपुर गलियारे को लेकर मूल समझौते के मुताबिक श्रद्धालुओं को पासपोर्ट की जरूरत होगी। लेकिन हाल में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने ट्वीट कर कहा था कि करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ेगी, उन्हें सिर्फ अनुमति पत्र लेना होगा। इस घोषणा को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगर कोई बदलाव होता है तो मूल समझौता दस्तावेज को संशोधित करना होगा।

पाक वीडियो में भिंडरावाले को लेकर विवाद

पेज 1 का बाकी

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है।

पाकिस्तान की इस हरकत को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा है कि पाक समर्थित खालिस्तानी आतंकी समूहों की गतिविधियों को लेकर भारत सतर्क है। वीडियो के मुद्दे पर राजनयिक चैनल के जरिए आपत्ति दर्ज कराई गई है। हम उम्मीद करते हैं कि करतारपुर साहिब गलियारे का इस्तेमाल पाकिस्तान किसी भी तरह के गैर-वाजिब प्रचार के लिए नहीं करेगा।

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने पाकिस्तान पर हमला बोला और कहा कि वह इस बारे में पहले दिन से चेतावनी देते आ रहे हैं कि यह पाक का छिपा एजंडा है। अमरिंदर सिंह ने कहा, 'मैं इस बारे में पहले दिन से चेतावनी दे रहा हूं कि पाकिस्तान का यहां कोई छिपा हुआ एजंडा है।' पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी वीडियो में कई सिख श्रद्धालु पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पाक ने सिख श्रद्धालु का शव बीएसएफ को सौंपा

अटारी (अमृतसर), 6 नवंबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने अटारी-वाघा सीमा पर बुधवार को एक सिख श्रद्धालु का शव सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया। सिख श्रद्धालु की लाहौर में दिल दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि जसविंदर सिंह (53) उस 'जत्थे' में शामिल थे जो गुरुद्वारा ननकाना साहिब में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती समारोहों और विभिन्न सिख गुरुद्वारों में मत्था टेकने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान रवाना हुआ था। उन्होंने बताया कि लाहौर में गुरुद्वारा डेरा साहिब पहुंचने के बाद सिह ने सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। उन्हें पंजाब हृदयरोग विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया जहां अचानक दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई।

यलगार परिषद मामलाः छह आरोपियों की जमानत

पुणे, नवंबर (भाषा)।

पुणे की एक सत्र अदालत ने यलगार परिषद-माओवादी संबंधित मामले में बुधवार को छह आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

रोना विल्सन, शोमा सेन, सुरेंद्र गाडलिंग, महेश राउत, वरवर राव और सुधीर धावले ने इस दलील के साथ जमानत याचिकाएं दायर की थीं कि पुलिस उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर पाई है। अभियोजन पक्ष ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों और माओवादियों के बीच संबंध दिखाने के लिए सामग्री मौजूद है।

पुणे पुलिस के अनुसार 31 दिसंबर 2017 यहां यलगार परिषद की सभा के दौरान भड़काऊ भाषण दिए गए थे, जिसके चलते जिले में अगले दिन (एक जनवरी 2018) को भीमा-कोरेगांव युद्ध स्मारक पर जातीय हिंसा भड़क गई थी।

हनीप्रीत को पंचकूला हिंसा और दंगे मामले में जमानत, रिहा

पेज 1 का बाकी

उन्होंने बताया कि कोर्ट की तरफ से जमानत देते हुए कोई शर्त नहीं रखी गई। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य आरोपी भी किसी भी समय जमानत के लिए याचिका दाखिल कर सकते हैं।

बुधवार को मामले के दौरान हनीप्रीत को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पेश किया गया। इसी दौरान अन्य आरोपी भी पेश हुए। आरोपियों पर विभिन्न धाराओं पर सुनवाई पूरी हो गई।

महत्त्वपूर्ण है कि हनीप्रीत व अन्य आरोपियों पर पिछली बार धारा 121 व 121ए हटा दी गई थीं।

पराली जलाने से रोकने के लिए मशीने देने में प्राथमिकता दें : प्रधानमंत्री

पेज 1 का बाकी

ठहराना होगा। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता के पीठ ने सवाल किया-क्या आप लोगों को प्रदूषण की वजह से इसी तरह मरने देंगे। क्या आप देश को सौ साल पीछे जाने दे सकते हैं?

पीठ ने कहा-हमें इसके लिए सरकार को जवाबदेह बनाना होगा। पीठ ने सवाल किया, सरकारी मशीनरी पराली जलाए जाने पर रोक क्यों नहीं लगा सकती? जजों ने राज्य सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यदि उन्हें लोगों की परवाह नहीं है तो उन्हें सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। आप (राज्य) कल्याणकारी सरकार की अवधारणा भूल गए हैं। आप गरीब लोगों के बारे में चिंतित ही नहीं हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने यह भी सवाल किया कि क्या सरकार किसानों से पराली एकत्र करके उसे खरीद नहीं सकती?

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए पंजाब, हरियाणा व उप्र सरकार को उनके यहां पराली नहीं जलाने वाले छोटे और सीमांत किसानों को सात दिन के भीतर 100 रुपए प्रति कुंतल का वित्तीय सहयोग देने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता के पीठ ने कहा, 'कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और यह सरकार का कर्तव्य है कि वह किसानों के हितों की देखभाल करे।' पीठ ने कहा कि यह बहुत आवश्यक है कि पराली को जलाने से रोकने के लिए किसानों को मशीनें उपलब्ध कराई जाएं। पीठ ने केंद्र और पंजाब, हरियाणा, उप्र और दिल्ली सरकारों को निर्देश दिया कि वे पर्यावरण संबंधी मुद्दों का ध्यान रखने के लिए तीन महीने के भीतर विस्तृत योजना तैयार करें।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दम घोंटने वाले वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा- हम पराली जलाने और प्रदूषण पर नियंत्रण के मामले में देश की लोकतांत्रिक सरकार से और अधिक अपेक्षा करते हैं। यह करोड़ों लोगों की जिंदगी और मौत से जुड़ा सवाल है। हमें इसके लिए सरकार को जवाबदेह बनाना होगा। दम घोंटने वाले वायु प्रदूषण में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने के योगदान के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने सोमवार को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मुख्य सचिवों को छह नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

दिल्ली और इससे लगे इलाकों में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए अदालत ने मंगलवार को इसका स्वतः संज्ञान लेते हुए अलग से खुद एक नया मामला दर्ज किया।

कुलगाम में आतंकियों ने दो स्कूल जला डाले

पेज 1 का बाकी

दिया था। वर्ष 2016 में कश्मीर घाटी में 35 से अधिक स्कूल जलाए गए थे। हालांकि, उस दौरान हिंसा और तनावपूर्ण स्थितियों के बीच भी सेना अपने गुडविल स्कूलों में कश्मीरी बच्चों को पढ़ा रही थी। इस साल भी 2016 की तर्ज पर आतंकियों ने कश्मीरी बच्चों के अंदर दहशत पैदा करने की साजिश रची है।

आतंकियों ने 29 अक्तूबर को एक स्कूल की इमारत के पास सीआरपीएफ की टीम पर हमला भी किया था। जब हमला किया गया, उस वक्त स्कूल में बोर्ड की परीक्षाएं चल रही थीं। हमले के दौरान ही स्कूल में कई विद्यार्थी फंस गए थे, जिन्हें बाद में सेना की टीम ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया था।

दूसरी ओर, जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आइबी) के पास स्थित गांवों में पाकिस्तानी सैनिकों ने मोर्टार से गोले दागे, जिससे दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कई मवेशी घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए भारी गोलाबारी की, जिससे सीमा क्षेत्र के निवासियों में दहशत फैल गई। हीरानगर सेक्टर में रठुआ और उसके पड़ोसी गांवों में मंगलवार की रात लगभग आठ बजकर 40 मिनट पर गोलीबारी और मोर्टार से गोलाबारी की गई।

एजेएल प्लॉट आबंटन मामले में हुड्डा, वोरा को मिली जमानत

पेज 1 का बाकी

मामले में पिछली सुनवाई के दौरान हुड्डा और वोरा को अंतरिम जमानत मिल गई थी और दोनों ही नेताओं के पांच-पांच लाख के निजी मुचलके भरे गए थे। अब दोनों की तरफ से नियमित जमानत के लिए आवेदन किया गया था, जिस पर आज सुनवाई में दोनों को नियमित जमानत दे दी गई। इस मामले में पंचकूला के सेक्टर 6 के प्लाट नंबर सी-17 प्लाट 64.93 करोड़ कीमत का प्लाट 69.39 लाख में दिया गया था। इसे लेकर ईडी ने अभियोजन शिकायत स्पेशल ईडी कोर्ट में दर्ज कराई थी और हुड्डा उस समय मुख्यमंत्री पद पर होने के साथ-साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के चैयरमेन भी थे। ईडी की विशेष अदालत ने हुड्डा तथा वोरा तथा नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशक को नोटिस जारी कर 30 अक्तूबर को पेश होने के निर्देश दिए थे। इस मामले में 26 अगस्त को ईडी ने हुड्डा व वोरा के खिलाफ अभियोजन की शिकायत की थी।

अयोध्या मामले पर अदालत का फैसला मंजूर होगा : मदनी

पेज 1 का बाकी

कि सहन के हिस्से (जिसमें राम चबूतरा और सीता रसोई) पर दावा छोड़े दें। लेकिन रामलला और निर्मोही अखाड़ा एक इंच भी पीछे नहीं हटे। उनका एक ही मुद्दा था कि मुसलमान मस्जिद उन्हें दे दें। इसलिए मध्यस्थता कामयाब नहीं हुई।

जमीयत की ओर से जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया कि अयोध्या मामला महज भूमि विवाद का मामला नहीं है बल्कि कानून की प्रधानता की परीक्षा का मामला है। मदनी ने कहा कि हर न्यायप्रिय व्यक्ति मामले में फैसला ठोस तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर चाहता है, न कि धर्म के आधार पर। उन्होंने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि यह सिर्फ मालिकाना हक के लिए दायर कराया गया मामला है। उन्होंने कहा- हम हमारे पूर्व के रुख को दोहराते हैं कि सुप्रीम कोर्ट तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर जो कुछ भी फैसला सुनाएगा, हम उसे स्वीकार करेंगे। हम मुसलिमों और अन्य सभी नागरिकों से सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करने की अपील करते हैं।
